# सड़क हादसे में पति की मौत पत्नी गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, सैदनगर(रामपुर)

● अजीमनगर थाना क्षेत्र में बाइक में कार ने मारी टक्कर

**अमृत विचार :** रामपुर तोपखाना हजरतपुर निवासी खुर्शीद(52) पत्नी रईसी के साथ बुधवार को बाइक से रिश्तेदारी में बजावाला गए थे। रात करीब 10 बजे दोनों लौट रहे थे।



मृतक खुर्शीद।

लोगों ने बताया कि जैसे ही बाइक लालपुर रोड पर पहुंची तो पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दंपती गंभीर घायल हो गए। राहगीरों ने कार चालक का पीछा किया तो वह कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल ले गई। जहां खुर्शीद को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल रईसी को हायर सेंटर रेफर किया है। सूचना घर पहुंची तो रोते बिलखते परिजन देर रात ही अस्पताल पहुंच गए। अजीमनगर पुलिस ने परिजनों से बात की। मृतक के शव का पंचनामा भरवा कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बिलारी के ग्राम सरकड़ा से 1650 किलोग्राम गुड़ की खेप दिल्ली रवाना की गई

# ऑस्ट्रेलिया भेजी गई गुड़ की खेप, मुरादाबाद के लिए ऐतिहासिक दिन

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

● दिल्ली से समुद्र के रास्ते पहुंचाई जाएगी आस्ट्रेलिया

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के कृषि निर्यात इतिहास में गुरुवार का दिन खास बना, यहां से पहली बार गुड़ की खेप विदेश के लिए रवाना की गई। बिलारी तहसील के ग्राम सरकड़ा स्थित फैमिली फार्मर मुरादाबाद प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सीईओ आरेंद्रा बड़गोती के फार्म से 1650 किलोग्राम फ्लेवर्ड गुड़ की खेप दिल्ली के लिए भेजी गई, जहां से इसे ऑस्ट्रेलिया निर्यात किया जाएगा। गुड़ की खेप को एसडीएम बिलारी विनय कुमार सिंह, ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक आशीष कुमार गुप्ता व जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक गुप्ता ने बताया कि जनपद से पहली बार किसी किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को गुड़ निर्यात का अवसर मिला है, जिससे इससे जुड़े अनेक किसानों को आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में कृषि निर्यात को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण कदम है और विभाग इस दिशा में पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



हरी झंडी दिखाकर गुड़ की खेप लदा वाहन रवाना करते एसडीएम बिलारी विनय कुमार सिंह, ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक आशीष कुमार गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार

फैमिली फार्मर मुरादाबाद प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तथा एम्बर फूड्स एंड हॉस्पिटैलिटी मर्चेंट एक्सपोर्टर के सहयोग से तैयार किए गए इस गुड़ को क्यूब के रूप में पांच अलग-अलग फ्लेवर में विकसित किया गया है। इनमें सादा, लौंग-इलायची,काली मिर्च, तिल और सोंठ आधारित स्वाद शामिल हैं। गुड़ की खेप पहले बिलारी से दिल्ली भेजी गई है,जहां से निर्यात कंपनी इसे समुद्री मार्ग से ऑस्ट्रेलिया रवाना करेगी। हालांकि फैमिली फार्मर मुरादाबाद प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सीईओ आरेंद्रा बड़गोती मौजूद नहीं थे। वह निर्यात के संबंध में हैदराबाद में प्रशिक्षण ले रहे है। उन्हें कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग की ओर से भेजा गया।

### 2016 से कर रहे प्राकृतिक खेती

उन्होंने बताया कि 2016 से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। प्राकृतिक खेती के उत्पादों को लेकर सरकार नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना चला रही है। प्रधानमंत्री इसे लेकर सजग है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योजना का क्रियान्वयन करा रहे हैं। इस योजना को फलीभूत करने का मौका लोकल नेचुरल फार्मिंग जनपद के बिलारी निवासी आरेंद्र के फैमली फर्मिंग एफपीओ को मिला है। गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया जाने वाली गुड़ की खेप को फैमली फार्मर के मार्केटिंग डायरेक्टर शिखर बड़गोती ने प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में रवाना की। इस पहल को जनपद के किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला कदम माना जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### लापता युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : लापता युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। वह उसकी सलामती के लिए दुआएं कर रहे थे। ठाकुरद्वारा कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें जीआरपी बरेली से सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस कार्रवाई कर रही है। नगर के मोहल्ला छीपीयान निवासी बीए छात्र मोहम्मद आरिफ का पुत्र रियाज(22) घर से लापता हो गया था।जिसके बाद परिवार व मोहल्ले के लोग उसे तलाश कर रहे थे लेकिन बुधवार को उसकी मौत की जानकारी मिली। वहीं रियाज ने घर से निकलते वक्त माता- पिता व दोस्तों के नाम एक लेटर छोड़ा जिसमें अच्छे से बहन की शादी व माता-पिता से माफी और अपने दोस्तों से परिवार का ख़्याल रखने की गुहार लगाई है। रियाज की मौत की खबर से परिजन रो रोकर बेहाल हैं। सभी की आंखें नम दिखीं।



# गुस्से में ब्लेड से काट दिया सुमित का गला

## हत्याकांड का खुलासा, आरोपी बोला, नशे में सुमित ने की थी गाली-गलौज व मारपीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● मूंढापांडे पुलिस ने आरोपी आकाश को किया गिरफ्तार

● 11 जनवरी को मुरादाबाद-रामपुर हाईवे के पास मिला था शव

**अमृत विचार :** थाना मूंढापांडे पुलिस ने सुमित हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी आकाश के पास से सुमित का मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त स्टील ब्लेड बरामद किया है। एसपी सिटी ने बताया कि शराब के नशे में गाली-गलौज होने के बाद मारपीट तक मामला पहुंचा। जिसके बाद हत्यारोपी ने बाइक की डिक्की से ब्लेड निकाल कर मृतक का गला काट दिया। दोनों के बीच जान पहचान थी।

गुरुवार को एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में बताया कि 11 जनवरी की सुबह थाना मूंढापांडे क्षेत्र में नव निर्माणाधीन ओवरब्रिज दलपतपुर मुरादाबाद-रामपुर हाईवे के पास एक युवक का शव मिला था। युवक के गले पर धारदार हथियार से चोट के निशान मिले थे। सूचना पर पुलिस अधिकारी, थाना पुलिस व फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान करने और जांच में जुट गई।

शव की पहचान सुमित उर्फ भूरा पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम गनेशघाट थाना मूंढापांडे के रूप में हुई थी। पत्नी शालिनी की तहरीर पर मूंढापांडे पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह और मृतक पूर्व में एक साथ काम करते थे और एक-दूसरे को जानते थे। आरोपी ने 10 जनवरी की शाम वह मृतक को हनुमान मूर्ति चौराहे के पास मिला और बाइक पर साथ लेकर घर की ओर चल पड़ा।

रास्ते में सुमित शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगा और जीरो प्वाइंट हाईवे पर बाइक का संतुलन बिगाड़ दिया। इसके बाद निर्माणाधीन अंडरपास के पास दोनों में मारपीट हुई। जिसके बाद गुस्से में आकर आरोपी ने बाइक की डिग्गी में रखा स्टील ब्लेड निकालकर सुमित की गर्दन पर कई वार कर दिए, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी की बताई जगह से मृतक का मोबाइल व हत्या में उपयोग किया गया स्टील ब्लेड भी बरामद कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जिला कारागार के लिए भेजा गया है।



पुलिस लाइन में सुमित हत्याकांड का खुलासा करते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह।

### 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली

एसपी सिटी ने बताया कि उनके व क्षेत्राधिकारी हाईवे के नेतृत्व में पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने आरोपी की तलाश में करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और अन्य साक्ष्य जुटाए। जिसके आधार पर घटना में संलिप्त आकाश पुत्र रामप्रताप निवासी बड़े अंडरपास के सामने ग्राम व थाना मूंढापांडे को 19 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# शराब पीने के बाद सड़क किनारे गिरे भाई, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● दूसरे की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार :** प्रकाश नगर गली नंबर-1 निवासी शिवकुमार (24) व पवन कुमार पुत्र लाखन भाई हैं। बताया गया है कि गुरुवार को दोनों ने दिल्ली रोड श्मशान घाट के पास स्थित शराब की दुकान पर दोपहर करीब 12 बजे शराब पीनी शुरू की और लगभग एक घंटे बाद वहां से चले गए। इसके बाद साईं अस्पताल के सामने नशे की हालत में सड़क किनारे गिर पड़े। काफी देर तक पड़े रहने पर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह मौके पर पहुंचे। जांच में शिवकुमार मृत मिला, जबकि पवन की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह और क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन कुलदीप कुमार भी घटनास्थल पहुंचे।



मृतक शिवकुमार।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं और दोनों अधिक मात्रा में शराब पीने के बाद सड़क किनारे पड़े मिले थे। परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है।

जिला अस्पताल में पवन ने पुलिस को बताया कि वह दोनों श्मशान घाट पर बनी शराब की दुकान पर ठीक पहुंचे थे। शराब पीने के बाद हालत बिगड़ने लगी। जिसके बाद हमने बाकी शराब वहीं छोड़ दी। थोडी दूर चलते ही शिवकुमार गिर गया। उसे उठाने के प्रयास में वह भी गिर गया। जिला आबकारी अधिकारी रवेंद्र प्रताप सिंह पकौड़ी और लस्सी पीने से हालात बिगड़ने की बात कह रहे है।




# कोर्ट मैरिज के खुलासे की शिकायत पर दूल्हा गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ठाकुरद्वारा-सुरजननगर मार्ग स्थित एक परिवार की पुत्री का विवाह गुरुवार को निर्धारित था। दुल्हन पक्ष ने सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं। घर में मेहमानों की चहल-पहल थी, भोजन तैयार था। परिजन दोपहर तक बरात आने का इंतजार करते रहे, लेकिन बरात नहीं पहुंची।

काफी देर हो गई तो दुल्हन के पिता ने बिचौलिये से संपर्क कर जानकारी ली। इसी दौरान पता चला कि दूल्हा पहले ही दूसरे समुदाय की एक युवती से कोर्ट मैरिज कर चुका है। पति की जानकारी मिलते ही पहली पत्नी ने काशीपुर में शिकायत दर्ज कराते हुए बरात रुकवाने की गुहार लगाई। उत्तराखंड पुलिस ने दूल्हे और उसके परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। उधर, बरात न आने से दुल्हन पक्ष की खुशियां गम में बदल गईं और विवाह की सभी तैयारियां धरी की धरी रह गईं।

# रोडवेज बस ने पुलिस जीप में मारी टक्कर 50 मीटर घसीटा, जीप खाई में पलटी

संवाददाता बिलासपुर

● जीप चालक घायल, प्रभारी निरीक्षक व हमराह सकुशल

**अमृत विचार :** ओवरटेक कर रही पीतलनगरी डिपो की रोडवेज बस ने पुलिस की जीप को टक्कर मार दी। हादसे के दौरान जीप का हिस्सा बस में बस गया। जिससे वह जीप को घसीटते हुए करीब 50 मीटर तक ले गई। इसके बाद जीप खाई में पलट गई। हादसे में जीप चालक पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं प्रभारी निरीक्षक समेत अन्य पुलिस कर्मी बाल बाल बच गए। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है।

थाना प्रभारी जीत सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब 9 बजे वह हमराह दीपांशु चौधरी, चालक जितेंद्र कुमार के साथ रुद्र-बिलास क्षेत्र में गस्त करके जीप से कोतवाली आ रहे थे। इस दौरान पीतलनगरी डिपो की रोडवेज बस चालक अवनीश कुमार ने सरकारी जीप में पीछे से टक्कर मार दी।



बिलासपुर कोतवाली में खड़ी दुर्घटनाग्रस्त सरकारी जीप।

हादसे के दौरान जीप का हिस्सा बस में फंस गया। इसके बाद बस जीप को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। बाद में सरकारी जीप अनियंत्रित होकर चीनी मिल के पास नैनीताल हाईवे किनारे खाई में पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना पर ईसानगर चौकी प्रभारी ललित कुमार और रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी चंद्रवीर सिंह मौके पर पहुंच गए। साथ ही मौके पर आस-पास के लोगों समेत राहगीरों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। बाद में लोगों ने प्रभारी निरीक्षक तथा पुलिस कर्मियों को जैसे-तैसे गाड़ी से बाहर निकाला गया। जिसके चलते चालक जितेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि प्रभारी निरीक्षक तथा उनके हमराह सकुशल हैं। इस पर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चालक जितेंद्र कुमार की ओर से रोडवेज बस के चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में ले लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



घायल पुलिसकर्मी।

**सेहत पर वार** | बाजार में पहुंच रही मिलावटी व स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थों की खेप

# होली करीब, मिलावटी सामान से पटा बाजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चार मार्च को होली है। इसे देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों की खेप बाजारों में पहुंच रही है। बसों से बाहर से मिलावटी मावा की खेप अभी से बाजारों में स्टॉक करने के लिए मंगाई जा रही है। मिलावटी व नकली मावा के साथ ही मिलावटी मसाले व हानिकारक केमिकल युक्त रंग भी बाजार में बिक रही है। हालांकि अभी खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से मिलावट रोकने का अभियान नहीं चलने से ऐसे कारोबारी बेखौफ हैं।

रमजान के महीने के अलावा अगले महीने होली को देखते हुए बाजार में मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों की खेप पहुंच रही है। थोक व फुटकर विक्रेता मोटी कमाई के फेर में जन स्वास्थ्य की अनदेखी कर लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री कर अपनी झोली भरने की तैयारी कर चुके हैं। न सिर्फ मिलावटी व नकली मावा बल्कि मसाले, कचरी, मैदा, सूजी में भी मिलावट का खेल चल रहा है। इसके अलावा हर्बल के नाम पर हानिकारक केमिकल युक्त रंग व गुलाल की खेप भी पहुंची है। जिसके प्रयोग से नुकसान होना तय है। प्रशासनिक स्तर पर अभी होली व अन्य त्योहारों को देखते हुए बाजार में सक्रियता न दिखने का फायदा उठाकर मिलावट के कारोबारी स्टॉक भरने में जुटे हैं। इससे जन स्वास्थ्य को खतरा पहुंचने की आशंका बनी है।

### गाइडलाइन का हो रहा इंतजार

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी भी शासन की गाइडलाइन के इंतजार में हैं। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा ग्रेड-2 राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि समय समय पर दुकानों में जांच के लिए टीमें पहुंचती हैं। होली से पहले अभियान चलाकर संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराई जाएगी। यदि मिलावट की पुष्टि जांच में हुई तो संबंधित कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर किया जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होली को देखते हुए मंडलीय कार्यालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय गुलाब बाड़ी के सभागार में गुरुवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) अपूर्व श्रीवास्तव के निर्देशन में खोया आढ़तियों, नमकीन और मिष्ठान निर्माताओं को जागरूक किया गया। खाद्य कारोबारियों द्वारा लाए गए खोये की जांच खाद्य सचल प्रयोगशाला (एफएसडब्ल्यू वैन) से की गई। मिष्ठान व नमकीन निर्माताओं को मिठाई व नमकीन में निर्धारित सीमा में खाद्य रंगों के प्रयोग के बारे में बताया गया। कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र व व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नमकीन व मिठाई में कृत्रिम खाद्य रंग, मसाले आदि के प्रयोग के बारे में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 मुरादाबाद राजवश प्रकाश श्रीवास्तव व मंडलीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी कृष्ण गोपाल यादव ने बताया। 9 खोया स्टॉक हॉल्डर्स, 9 मिष्ठान विक्रेता और 5 नमकीन निर्माताओं को तेल का दो बार से अधिक प्रयोग न करने के लिए सचेत किया। डॉम-24 से जांच करने व जले तेल को बॉयोडिजल बनाने वाली कंपनी को देने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रमुख व्यवसाइयों में बाबू राम स्वीट्स, गंगा डेयरी, सुगंध स्वीट्स, नन्दन स्वीट्स, टैम्पटेशन स्वीट्स, प्रेम स्वीट्स, टेस्ट स्वीट्स, जैन नमकीन, प्रिया नमकीन, अमन नमकीन, जैन मिष्ठान, भगवती नमकीन, शंकर दूध, मनोज दूध व खोया व्यवसाइयों प्रदीप अग्रवाल, प्रवीन गुप्ता, तुषार, अभिनव, पवन, तौसीफ, राजेश आदि मौजूद रहे।



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| शुक्रवार शाम | शनिवार सुबह |
| सुन्नी : 6:11 | सुन्नी : 5:24 |
| शिया : 6:22 | शिया : 5:21 |

## शहर में आज

- बाबा नीम करौरी एकादश स्मृति एवं स्थापना दिवस के क्रम में निर्धन कन्या का विवाह ग्राम सब्जीपुर उमरी में दोपहर 2:00 बजे
- श्री शिरडी साईं करुणा संस्थान दीनदयाल नगर का स्थापना दिवस कार्यक्रम सुबह 8:00 बजे

# आधार कार्ड के नाम पर वसूली का मामला पुलिस तक पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जनसेवा केंद्र प्रबंधक ने थाने में दी तहरीर

**अमृत विचार :** आधार कार्ड बनवाने के नाम पर लोगों से 400 से 500 रुपये वसूलने की शिकायत के मामले में अधिकृत आधार नामांकन केंद्र के ब्रांच मैनेजर प्रशांत कुमार ने मझोला थाने में तहरीर दी है।

गुरुवार को ब्रांच मैनेजर प्रशांत कुमार ने बताया कि जल्दी व बिना लाइन में खड़े आधार बनाने का झांसा देकर केंद्र पर कई लोगों को ठगा गया है। जिसकी शिकायत लोगों ने की है। शिकायतकर्ताओं से केंद्र में काम करने वालों की पहचान कराई गई। पीड़ितों ने पैसे लेने वाले व्यक्ति को नहीं पहचाना। मैनेजर ने बताया कि कुछ लोग बाहर से आकर ऐसा काम कर रहे हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस को जानकारी देकर हस्तक्षेप की मांग की। ब्रांच मैनेजर ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड बनवाने की निर्धारित सरकारी दरें तय हैं। उनके अनुसार, शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों का नया आधार कार्ड निःशुल्क बनाया जाता है। पहली बार आधार कार्ड बनवाने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाता। वहीं जन्मतिथि, नाम, पता या फोटो में संशोधन कराने की निर्धारित फीस मात्र 75 रुपये है। मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आर पी सिंह ने बताया कि मामले की जांच करने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## फुलैरा दूज पर फुल रहे होटल-मैरिज हॉल, बाजारों में देर शाम तक रही रौनक, ब्यूटी पार्लर गुलजार

# शहनाइयों की गूंज, 300 से अधिक जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बैंडबाजे की धुन पर सजे-धजे बराती झूमे

**अमृत विचार :** फुलैरा दूज का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार को शहर में शहनाइयों की मधुर धुन गूंजती रही। हाइवे से लेकर प्रमुख मार्गों और गली-मोहल्लों में शादी समारोहों की रौनक रही। बैंडबाजे की धुन पर सजे-धजे बराती झूमे।

फुलैरा दूज के शुभ मुहूर्त पर गुरुवार को 300 से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। ज्योतिषीय दृष्टि से इस दिन को अत्यंत शुभ माना जाता है, जिसके चलते बड़ी संख्या में लोगों ने अपने विवाह कार्यक्रम इसी तिथि पर तय किए थे। शादी समारोहों की अधिकता के कारण शहर के सभी होटल, मैरिज होम, बैंक्वेट हॉल और धर्मशालाएं कई दिनों पहले ही बुक हो चुके थे। शादी समारोह के चलते बाजारों में भी रौनक रही। रेडीमेड गारमेंट्स की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रही। दूल्हा-दुल्हन के परिधान से लेकर परिवार के अन्य सदस्यों के कपड़ों की जमकर खरीदारी की गई। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तनों और गिफ्ट आइटम की दुकानों पर भी दिनभर ग्राहकों की चहल-पहल रही। ब्यूटी पार्लरों पर भी सुबह से देर शाम तक भीड़ रही। दुल्हनों और परिजनों के मेकअप व अन्य तैयारियों के लिए पहले से ही स्लॉट बुक कर लिए गए थे। वहीं बैंडबाजे, घोड़ी संचालक और पुजारियों की भी पहले से बुकिंग हो चुकी थी।



फुलेरा दूज पर गुंजी शहनाई कांठ रोड पर बरात में जाते लोग। ● अमृत विचार

### बरातों के चलते कई स्थानों पर लगा जाम

फुलैरा दूज पर बरातों के कारण शहर के कई प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बनती रही। मुरादाबाद क्लब के सामने, बुधबाजार, प्रकाश नगर चौराहा, दिल्ली रोड स्थित धर्मकांटा, चौधरी चरण सिंह चौक, आशियाना समेत कई जगहों पर बैंडबाजों के साथ गुजर रही बरातों से यातायात प्रभावित हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### मुफ्त मूंग बीज की ऑनलाइन बुकिंग शुरू

मुरादाबाद, अमृत विचार : जायद फसल 2026 के अंतर्गत गन्ने की अंत:फसल के रूप में मूंग की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग ने किसानों से नि:शुल्क बीज मिनीकिट के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा है। गुरुवार को उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि इच्छुक किसान agridarsan.up.gov.in पर जाकर बीज के लिए बुकिंग कर सकते हैं। बताया कि निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। जनपद के इच्छुक किसान 24 फरवरी की रात 12 बजे से पूर्व आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### साक्षरता शिविर की सफलता के लिए बैठक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के मार्गदर्शन में 22 फरवरी को पंचायत भवन में मेगा/वृहद विधिक साक्षरता शिविर आयोजित होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी ने मेगा शिविर की सफलता के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार का काम तेज कर दिया है। उन्होंने गुरुवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को लाभार्थीयों के पंजीकरण का निर्देश दिया।

# यूपी बोर्ड: व्यवस्था चाक-चौबंद, पेपर ने बढ़ाया हौसला

## दूसरे दिन निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए विद्यार्थी, पेपर देकर बोले- आसान थे सभी प्रश्न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गुरुवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन भी जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षाएं कराई गईं। परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से पहले ही छात्र-छात्राएं पहुंच गए थे। केंद्रों पर सुरक्षा के इंतजाम रहे और प्रवेश से पहले जांच की गई।

पहली पाली में दसवीं कक्षा की कंप्यूटर विषय की परीक्षा हुई। इसमें 1409 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1386 उपस्थित रहे, जबकि 23 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं, बारहवीं कक्षा की व्यावसायिक शिक्षा वर्ग की परीक्षा में 219 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें 203 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और 16 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में दसवीं की सिलाई विषय की परीक्षा कराई गई। इसमें 23 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 22 ने परीक्षा दी और एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। बारहवीं कक्षा की नागरिक शास्त्र की परीक्षा में 3275 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें 3067 उपस्थित रहे, जबकि 208 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकले विद्यार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र अपेक्षा के अनुरूप और सरल था। कई छात्रों ने कहा कि अधिकांश प्रश्न पाठ्यक्रम पिछले वर्षों के सैंपल पेपर से आए थे, जिससे उन्हें उत्तर लिखने में बिल्कुल कठिनाई नहीं हुई।



मेथाडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज से कंप्यूटर की परीक्षा देकर बाहर आती छात्राएं।

### सचल दल रहे सक्रिय, केंद्रों का किया निरीक्षण

परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की ओर से गठित सचल दल पूरे दिन सक्रिय रहे। विभिन्न केंद्रों पर औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था की भी समीक्षा की। किसी भी केंद्र से नकल या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि केंद्र व्यवस्थापकों को बोर्ड के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के लिए कहा है।

## बिना सुरक्षा 50 किमी दूर भेजी जा रहीं उत्तरपुस्तिकाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जीआईसी लोहारपुर की लिपिक अंजू रानी को सौंपी जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं के दौरान उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही सामने आई है। बिजनौर के जीआईसी, लोहरपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जबकि उत्तरपुस्तिकाओं के संकलन के लिए जीआईसी, बिजनौर को केंद्र निर्धारित किया गया है।

दोनों केंद्रों के बीच की दूरी करीब 50 किलोमीटर है, इसके बावजूद उत्तर पुस्तिकाएं बिना पर्याप्त सुरक्षा और सरकारी वाहन के भेजी जा रही हैं।

जीआईसी लोहरपुर में कार्यरत लिपिक अंजू रानी को उत्तरपुस्तिकाएं संकलन केंद्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बोर्ड के निर्देश हैं कि परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तरपुस्तिकाएं पुलिसकर्मी की मौजूदगी में सुरक्षित रूप से संकलन केंद्र तक पहुंचाई जाएं। साथ ही, केंद्र व्यवस्थापक व केंद्राध्यक्ष की जिम्मेदारी है कि परिवहन और सुरक्षा की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। हालांकि, यहां स्थिति इसके विपरीत है।

प्रधानाचार्य कोपल रस्तोगी की ओर से न तो किसी वाहन की व्यवस्था की गई है और न ही सुरक्षा के तौर पर किसी अन्य कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। ऐसे में महिला लिपिक को स्वयं ही उत्तरपुस्तिकाएं लेकर जाना पड़ रहा है। सुबह की पाली में होने वाली परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं वह दो किलोमीटर दूर गांधी विद्यालय के स्टाफ के साथ मिलकर पहुंचा रही हैं, जबकि शाम की पाली की उत्तरपुस्तिकाएं पहुंचाने के लिए उन्हें अपने स्तर पर एक युवक की मदद लेनी पड़ रही है।

यह व्यवस्था न केवल बोर्ड के नियमों के विपरीत है, बल्कि उत्तरपुस्तिकाओं की गोपनीयता और सुरक्षा के लिहाज से भी गंभीर चिंता का विषय है।

### संयुक्त शिक्षा निदेशक बोले, कराई जाएगी व्यवस्था

इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त शिक्षा निदेशक (द्वादश मंडल) मनोज कुमार द्विवेदी का कहना कि यह व्यवस्था उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी नहीं थी, लेकिन अब तत्काल संबंधित प्रधानाचार्य से बात कर निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही, लिपिक के साथ एक अन्य पुरुष कर्मचारी की ड्यूटी लगाने और उत्तरपुस्तिकाओं को सुरक्षित रूप से संकलन केंद्र तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

## टीएमयू के डॉक्टरों ने निकाली 5.4 किग्रा की रसौली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** टीएमयू हॉस्पिटल की महिला रोग विभाग के डॉक्टरों की टीम ने संभल की रहने वाली महिला की जटिल सर्जरी कर 5.4 किलोग्राम की रसौली निकाली। टीएमयू हॉस्पिटल के गायनोकोलॉजी डिपार्टमेंट ने इससे अपनी काबिलियत साबित की।

स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम यह देखकर चिंतित हो गई कि संभल के सरायतरीन की पूनम की बच्चादानी सिकुड रही है। रसौली शरीर के दूसरे अंगों से पोषित हो रही थी। जिसे डॉक्टर्स ने खतरे की घंटी माना। डॉक्टर्स ने करीब तीन घंटे चले ऑपरेशन के बाद 5.4 किलो की रसौली को सुरक्षित बाहर निकाला। आपरेशन के बाद संभल के सरायतरीन निवासी 29 वर्षीय पूनम देवी सामान्य हैं। ऑपरेशन करने वाली टीम में महिला रोग विभाग की (प्रो.) डॉ. आस्था लालवानी, डॉ. गरिमा वाजपेयी, डॉ. नेहा शरद, जनरल सर्जन डॉ. आर के कौल, एनस्थिसिया विभाग की डॉ. नदीम पल्ली नव्या एंड टीम, रेडियोलॉजी विभाग से (प्रो.) डॉ. श्रुति चंदक व टीम शामिल रही।

# टैक्स वसूली करने गई टीम व पार्षद में नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बैरंग लौटी टीम, उच्चाधिकारियों को दी जानकारी

**अमृत विचार:** टैक्स वसूली करने गई नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम व वार्ड के कांग्रेस पार्षद में गुरुवार को जमकर नोकझोंक हुई। मामला तूल पकड़ा तो पुलिस भी पहुंच गई।

नगर निगम के राजस्व निरीक्षक सतीश अपनी टीम के अन्य सदस्यों शमशाद, आसिफ के साथ हाउस टैक्स की वसूली के लिए वार्ड 65 में गए थे। टीम ने एक बकाएदार के घर पर नोटिस चस्पा कर रकम जमा करने के लिए कहा। जिस पर परिजनों ने तत्काल में असमर्थता जताई। आरोप है कि टीम के सदस्यों ने परिवार व उनके रिश्तेदार से कहासुनी की। जानकारी पर मौके पर वार्ड 65 के कांग्रेस पार्षद कमर सलीम पहुंच गए। बातचीत के दौरान मामला बढ़कर नोकझोंक पर पहुंच गया। बड़ी संख्या में लोग जुट गए। दोनों तरफ से आरोप प्रत्यारोप लगा। पार्षद कमर सलीम का कहना है कि वह कहीं से लौट रहे थे तो एक घर के बाहर निगम की टीम कहासुनी कर रही थी। परिवार के लोगों ने बताया कि जबरदस्ती टैक्स वसूली का दबाव बनाया जा रहा था, मना करने पर रिश्तेदार से भी बदसलूकी की। मना किया तो उल्टे टीम के सदस्य उनसे उलझ गए। पार्षद का कहना है कि उन्होंने कोई अनावश्यक बात नहीं कही है। वहीं नगर निगम के राजस्व निरीक्षक सतीश ने बताया कि टैक्स वसूली के लिए निकले थे। पार्षद टीम से ही उलझ गए। यदि ऐसी ही स्थिति बनती रही तो मुश्किल होगा। टीम की सुरक्षा जरूरी है। अधिकारियों का जो निर्देश होगा उसका पालन करेंगे।

## अंडर-14 क्रिकेट की विजेता बनी नेक्सट जनरेशन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आरिज आलम मैन ऑफ द सीरीज अरीब कमाल मैन ऑफ द मैच घोषित

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि उप आबकारी आयुक्त मुरादाबाद मंडल राजेश कुमार शर्मा रहे। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह और उप्र ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव अजय विक्रम ने उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके बाद विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरित किए गए।

फाइनल मुकाबला आरएसडी क्रिकेट एकेडमी और नेक्सट जनरेशन क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर आरएसडी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 138 रन बनाए। टीम की ओर से लव ने सर्वाधिक 44 रन और फैज ने 24 रन का योगदान दिया। नेक्सट जनरेशन की ओर से अंशुल सैनी, देव आर्या और नितिन ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेक्सट जनरेशन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 19 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। आरिज आलम ने दमदार पारी खेली, जबकि अरीब कमाल ने 66 रन बनाकर जीत में अहम भूमिका निभाई। अरीब कमाल को मैन ऑफ द मैच और आरिज आलम को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। बेस्ट बल्लेबाज लव और बेस्ट गेंदबाज देव आर्या रहे। अकरम हुसैन और जतिन अंपायर की भूमिका में रहे। स्कोरर चंद्र प्रताप सिंह रहे। इस मौके पर बाकर अली जैदी, रोहित कुमार, सौरभ कुमार, अभिषेक मिश्रा, गुलजार वाजिद, मोहम्मद शाहिद, सोनू कुमार, कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी, अमित त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



ट्रॉफी के साथ क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### हारा हूं बाबा मुझे तुझ पर भरोसा है ...

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्रीराम बालाजी धाम बाबा नींव करोरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित बाबा नींव करोरी एकादश स्मृति एवं स्थापना उत्सव का गुरुवार को शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से नवग्रह एवं देवी-देवताओं के आह्वान और पूजन से हुई। काशी से आए आचार्य डॉ. घनश्याम त्रिपाठी ने अग्नि प्रज्वलित कर पंच कुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ कराया। ट्रस्ट के संस्थापक और महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पांच दिवसीय स्थापना उत्सव के उपलक्ष्य में पंच कुंडीय महायज्ञ में सवा लाख आहुतियां दी जाएंगी। पहले दिन 1100 आहुतियां दी गईं। हनुमान, राधा-कृष्ण और शनि देव महाराज की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का पूजन हुआ। शाम को खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें महानगर के गायक पंडित राजकुमार गोस्वामी और उनकी पार्टी ने भजनों की प्रस्तुति दी। सुमित शर्मा ने गणेश वंदना की। इसके बाद हारा हूं बाबा मुझे तुझ पर भरोसा है और हारे के सहारे जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमे।



### चित्रकला में नैना प्रथम, युसरा द्वितीय

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह एवं जीरो फर्टिलिटी समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। चित्रकला प्रतियोगिता में नैना प्रजापति ने प्रथम तथा युसरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा ने कहा कि सड़क सुरक्षा को समझना केवल नियमों को याद करना नहीं, बल्कि सड़क पर अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करना है। वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं, ऐसे में सभी को सतर्क और जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन व संचालन डॉ. शेफाली अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मुख्य अनुशासिका प्रोफेसर किरण साहू, प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा, प्रोफेसर अनुराधा सिंह, प्रोफेसर किरण त्रिपाठी, प्रोफेसर अपर्णा जोशी उपस्थित रहीं।

### जिला स्तरीय बाल उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र में जनपद स्तरीय प्रगति, स्वाभिमान और सफलता की ओर बाल उत्सव आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों की अभिव्यक्ति को मंच उपलब्ध कराना रहा। ब्लॉक स्तर पर चयनित बच्चों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल किया गया। ब्लॉकों से 90 बच्चों और 20 सुगमकर्ताओं ने भाग लिया। मेरे बदलाव की कहानी तथा सेल्फ एस्टीम आधारित कॉमिक बुक पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। दोनों श्रेणियों में पांच-पांच बच्चों का चयन किया गया। विजेता मंडल स्तरीय बाल उत्सव में चुने गए। अध्यक्षता जिला समन्वयक डॉ. तारा सिंह और संचालन मास्टर ट्रेनर जय कुमार ने किया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर नवनीत बिश्नोई, जितेंद्र कुमार, प्रतीक शर्मा, भानु प्रताप, जिला नोडल मालती गौतम आदि की मौजूदगी रही।



### शिवसेना ने मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती, मूर्ति स्थापना की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को शिवसैनिकों ने महानगर के विभिन्न स्थानों पर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई। कार्यकर्ताओं ने शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। शिवसेना की विद्यार्थी सेवा और युवा सेवा इकाइयों के पदाधिकारियों ने भी एकत्र होकर शिवाजी महाराज के आदर्शों और राष्ट्रभक्ति के विचारों को युवाओं तक पहुंचाने का संकल्प लिया। शिव सेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने नगर निगम से मांग की कि शिवाजी चौक पर जल्द से जल्द छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाए जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके शौर्य और त्याग से प्रेरणा ले सकें। इस मौके पर कमल सिंह राव, मुदित उपाध्याय, शिबू पांडे, राजीव राठौर, अरुण ठाकुर, आकाश सिंह, पंकज पाल, तिलक राज, मधुबाला कश्यप आदि मौजूद रहे।

### अशोक कुमार बने प्रभागीय वार्डन (आरक्षित) अवैतनिक



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागरिक सुरक्षा कोर मुरादाबाद में स्टॉफ अधिकारी टू डिवीजनल वार्डन कोतवाली अशोक कुमार गुप्ता को जिला मजिस्ट्रेट-नियंत्रक नागरिक सुरक्षा अनुज कुमार सिंह ने 31 दिसंबर 2027 तक के लिए प्रभागीय वार्डन (आरक्षित) के अवैतनिक पद पर नियुक्त किया है। इस संबंध में उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा नीरज चक ने आदेश जारी किया है। जिसमें वर्णित है कि पुलिस द्वारा स्थानीय स्तर पर चरित्र सत्यापन, राजकीय चिकित्सालय स्वास्थ्य प्रमाण पत्र यदि कहीं और सेवारत हों तो वहां से अनापत्ति प्रमाण पत्र के बाद ही यह नियुक्ति व नवीनीकरण पूर्ण समझा जाएगा। अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि वह 1989 से नागरिक सुरक्षा से अवैतनिक रूप से जुड़े हैं। उन्हें दो बार राष्ट्रपति पदक से गणतंत्र दिवस समारोह 2000 और 2006 में सम्मानित किया जा चुका है। वह दो बार महानिदेशक नागरिक सुरक्षा, गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भी 2008 और 2011 में सम्मानित हो चुके हैं।

**रमजान** | पुरुषों ने मस्जिदों में तो महिलाओं ने घरों में कुरान-ए-करीम पढ़ा

# सहरी के साथ रोजे की शुरुआत, दिन भर चला इबादत का दौर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दिन भर भूख-प्यास बर्दाश्त कर रोजेदारों ने गुरुवार को अल्लाह की इबादत में पहला रोजा गुजारा। रमजान की पाकीजगी से महानगर में रौनक रही। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों की मस्जिदों में रोजेदारों ने देश के अमन चैन की दुआ मांगी। तरावीह की नमाज के बाद लोग चाय की चुस्कियां लेते दिखे तो किसी ने शाही पीस की मिठास का आनंद लिया।

रमजान का पहला रोजा गुरुवार को मुकम्मल हुआ। सुबह सहरी के साथ ही दिन की शुरुआत हुई। पुरुषों ने मस्जिदों में तो महिलाओं ने घरों में कुरान-ए-करीम पढ़ा। पहले रोजे से ही रोजेदार नमाज और कुरान की तिलावत में मशगूल हो गए। घरों में दोपहर से ही इफ्तार की तैयारियां शुरू हो गईं। शाम को इफ्तारी का सामान दस्तरखान पर सजाया गया। रोजेदारों ने खजूर, पानी और शरबत के साथ रोजा खोला। इफ्तारी करने के बाद लोगों ने अल्लाह से अमन-चैन की दुआ भी मांगी। वहीं, दूसरे रोजे के लिए नमाज के बाद रोजेदार बाजार में खरीदारी के लिए निकले। इस दौरान, पपीता, खीरा, खजूर और फलों की जमकर खरीदारी हुई। ठेले और दुकानों पर खजूर, सेवईं और पापड़ खूब बिके।



पीलीकोठी स्थित दरगाह इस्हाक मियां मस्जिद में तरावीह की नमाज अदा करते रोजेदार।

### रोजा मुकम्मल होने पर अदा करना चाहिए अल्लाह का शुक्र

शहर इमाम हाकिम सैयद मासूम अली आजाद ने कहा रमजान का मुकद्दस महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है। रोजा मुकम्मल होने पर हर रोज अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए और पूरे महीने इबादत, सब्र और परहेजगारी के साथ रोजे रखने का संकल्प लेना चाहिए। रोजा हमें भूख-प्यास की अहमियत समझाता है और जरूरतमंदों की मदद करने का पैगाम देता है।

### शहर की किस मस्जिद में कितने पारे

| मस्जिद | पारे | मस्जिद | पारे |
|---|---|---|---|
| मस्जिद इस्काह मियां | दो | मस्जिद फलाहे दारेन | दो |
| जामा मस्जिद | एक | बुढ़िया वाली मस्जिद | दो |
| शाही मस्जिद | एक | मस्जिद अल नूर | दो |
| मस्जिद गौसे आजम | दो | राबिया मस्जिद | तीन |
| लाल मस्जिद | तीन | मदीना मस्जिद | दो |
| चमन वाली मस्जिद | तीन | मक्का मस्जिद | तीन |
| जौकीगेट मस्जिद | दो | मस्जिद बहादुर अली शाह | तीन |
| मस्जिद वादी-ए-हुदा | डेढ़ | छप्पर वाली मस्जिद | सवा |
| मोती मस्जिद, मंडी चौक | तीन | हामिद मस्जिद | दो |
| चमन अस्पताल, फैज गंज | दो | मस्जिद दारूल उलुम | पांच |

### बच्चों ने भी रखा पहला रोजा

रमजान के पहले दिन को नन्हे रोजेदारों ने भी रोजा रखा। जिनके लिए घर में इफ्तारी के पकवान के साथ मनचाही फरमाइश के लिए बड़ों ने बाजार से सामान खरीदा। नन्हें रोजेदारों ने पहला रोजा पूरा करने के लिए भूख और प्यास बर्दाश्त की। बच्चों को रोज की तरह भूख व प्यास लगी, लेकिन फिर रोजा याद आया। अम्मी और अब्बा के समझाने से पूरा रोजा हो गया।

## न्यूज ब्रीफ

### मोक्ष धाम से गाय चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृतविचार :** नगर क्षेत्र स्थित मोक्ष धाम कुड़का नदी के पास से गाय चोरी होने का मामला सामने आया है। महंत ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि परिसर में तीन गायें पल रही थीं। 18 फरवरी को इनमें से एक गाय लापता हो गई। महंत का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी एक बछड़ा गायब हो चुका है, जिसकी शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। इसके अलावा मोक्ष धाम परिसर से नल, मोटर, गैस चूल्हा, पंखा, सोलर उपकरण तथा अन्य सामान की चोरी की घटनाएं भी कई बार हो चुकी हैं। शिकायत दिए जाने के बावजूद अभी तक कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है।

### शराब के साथ युवक पकड़ा

**भोजपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को पीपलसाना चौकी इंचार्ज इजहारुल हक ने गश्त के दौरान गनीमत नगर के निकट ढेला नदी से सटे क्षेत्र में संदिग्धावस्था में घूमते हुए युवक को पकड़ लिया। उसने अपना नाम शजर उर्फ ताबिल पुत्र मुजाहिद निवासी इमली वाला मोहल्ला पीपलसाना बताया। तलाशी लेने पर थैले से गते के हरे रंग के 24 पैकेट देशी शराब के मिले। आरोपी ने बताया कि शराब चलते फिरते लोगों को बेचकर परिवार का खर्च चलाता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध रूप से शराब का धंधा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# वृद्धा से जेवर व नकदी लूट ले गए बदमाश, विरोध करने पर मारपीट

## कुंदरकी में बुधवार देर रात की घटना, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** थाना कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम चतुपुर रायवनगला में बुधवार देर रात बदमाशों ने एक वृद्धा से लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। बदमाश सोने-चांदी के आभूषण और करीब 10 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। विरोध करने पर दंपती के साथ मारपीट की गई, जिसमें वृद्धा घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

ग्राम निवासी हाजी शौकत ने बताया कि उनका घर गांव में जंगल की ओर स्थित है। बुधवार रात वह पत्नी अख्तरी के साथ सो रहे थे। रात करीब एक बजे पत्नी पेशाब के लिए बाहर निकलीं। इसी दौरान चार अज्ञात व्यक्ति उनके पास पहुंचे और खुद को पुलिसकर्मी बताया। पत्नी को शक होने पर उन्हें आवाज दी। आवाज सुनते ही बदमाशों ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी और नाक-कान से सोने के आभूषण खींच लिए। शोर सुनकर वह बाहर आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। दंपती का आरोप है कि बदमाश घर में रखे करीब 10 हजार रुपये भी ले गए।

घटना के बाद जब दंपती ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। मकान की एक साइड की दीवार कटी हुई मिली, जिससे आशंका है कि बदमाश उसी रास्ते से अंदर घुसने की फिराक में थे तब तक अख्तरी घर से बाहर निकल आईं। घायल वृद्धा के नाक और कान में चोट आई है। शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोट के निशान हैं। ग्रामीणों में घटना के बाद दहशत का माहौल है।



घटना के बाद बदहवास बैठे दंपती। ● अमृत विचार



घर में लगी नकब दिखाते हाजी शौकत।

### बेटों के घरों के गेट बाहर से कर दिए थे बंद

दंपती ने बताया कि उनके दो बेटे पास में ही रहते हैं, लेकिन बदमाशों ने उनके घरों के गेट बाहर से बंद कर दिए थे, जिससे वे मदद के लिए नहीं पहुंच सके। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। क्षेत्राधिकारी बिलारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आठ वर्षीया आयशा ने रखा पहला रोजा

**भगतपुर, अमृत विचार :** रमजान माह में छोटी उम्र के बच्चों में भी रोजे रखने का उत्साह देखा जा रहा है।

भगतपुर के गांव विलाकूदान स्थित मास्टर मोहम्मद आकिल की आठ वर्षीय बेटी आयशा ने जुमेरात को पहला रोजा रखा। वह जेआरएसएम कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है। वह दीनी पढ़ाई के साथ-साथ अपनी कक्षा में भी अव्वल है। तीनों समय की नमाज अदा की। इफ्तारी का सामान लाने में वालिद का हाथ बंटाया। आयशा के पहला रोजा रखने से सुनहरी मस्जिद के इमाम मौलाना मुख्तार आलम, मुस्तकीम अहमद, मुकीम, मोहम्मद युसूफ, मोहम्मद राशिद, मो. आसिफ, मोहम्मद ताजिम, अमीर हुसैन, मो. आकिब, अदीबा आदि ने उपहार व दुआओं से नवाजा।



नमाज पढ़ती आयशा।

# विधायक ने विधानसभा में उठाया धार्मिक स्वतंत्रता का मुद्दा



विधानसभा में बोलते क्षेत्रीय विधायक। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** सदन की कार्यवाही के दौरान विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने प्रदेश में धार्मिक स्वतंत्रता और परंपराओं के संरक्षण का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया।

विधानसभा में बोलते हुए क्षेत्रीय सपा विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि देश में प्रत्येक वर्ष विभिन्न धर्मों के त्योहार आते हैं और यह सरकार की संवैधानिक तथा नैतिक जिम्मेदारी है कि सभी धर्मों के त्योहार शांतिपूर्ण मनाए जाएं। रमजान में सहरी और इफ्तार के समय मस्जिदों से पारंपरिक रूप से लाउडस्पीकर के माध्यम से समय की सूचना दी जाती है। कहा कि यह परंपरा सदियों पुरानी है और इसका उद्देश्य केवल लोगों को समय की सूचना देना होता है, जिससे रोज़ेदार सही समय पर सहरी और इफ्तार कर सकें। यह किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करने के लिए नहीं है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वर्तमान में धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने की जो कार्रवाई की जा रही है, उसमें रमज़ान के पवित्र महीने को ध्यान में रखते हुए विशेष छूट प्रदान की जाए, ताकि परंपरागत रूप से सहरी और इफ्तार के समय आवश्यक घोषणा की जा सके। कहा कि सभी धर्मों की आस्थाओं और परंपराओं का सम्मान करना ही हमारे लोकतंत्र और गंगा-जमुनी तहज़ीब की पहचान है।

# नाबालिग को ब्लैकमेल कर आभूषण हड़पने का आरोप, भांजे समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने भांजे समेत तीन लोगों पर नाबालिग पुत्री को ब्लैकमेल कर आभूषण हड़पने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित ने बताया कि उसके भांजे यासीन पुत्र आस मोहम्मद निवासी ग्राम बदर खां गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ ने पहचान छिपाकर अलग-अलग नंबरों से उसकी 15 वर्षीया पुत्री को फोन कर परेशान करना शुरू किया। आरोप है कि इंस्टाग्राम आईडी से बातचीत बढ़ाई और मोबाइल कॉल व वीडियो कॉल के जरिए अश्लील फोटो भेजने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपी ने अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया व खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर डराने का प्रयास किया। आरोपी ने एआई के माध्यम से आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग को भयभीत कर दिया और 15 से 30 दिसंबर 2025 के बीच घर में रखा करीब 10 तोला सोना और 400 ग्राम चांदी मंगवा ली। परिजनों को जानकारी होने पर आरोपी के पिता आस मोहम्मद से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने व उनके रिश्तेदार आसिफ ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि इंस्टाग्राम चैट में भी आरोपी ने सामान बेचने की बात स्वीकार करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर यासीन, आस मोहम्मद व आसिफ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप पड़ोसी समेत चार लोगों के खिलाफ दी तहरीर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलोनी निवासी ने पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। गुरुवार को पीड़ित ने बताया कि पड़ोसी अविनाश सिंह पुत्री को 10 फरवरी को ले गया। अविनाश की मां सरल, भाई नकुल सिंह और बहन आंचल भी शामिल हैं। आरोपियों ने साजिश के तहत छह फरवरी को फर्जी विवाह नामा तैयार कर लिया था। आशंका व्यक्त की है कि पुत्री के साथ अनहोनी हो सकती है। उसने पुलिस से विवाह संबंधी दस्तावेजों की जांच कर प्रभावी कार्रवाई करने और पुत्री को सुरक्षित बरामद कराने की मांग की है। सिविल लाइन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि आंचल, नकुल सरल और अविनाश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश रही है।

## मौसम साफ, धूप निकलने से मिली ठंड से राहत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को दिनभर बादल और ठंडी हवा के बाद गुरुवार मौसम सामान्य रहा। सुबह से निकली धूप से लोगों को राहत मिली।

सुबह के समय जब लोग घरों से बाहर निकले तो मौसम सुहावना था। धूप में गर्माहट महसूस होने लगी, जिसके चलते लोग जैकेट, स्वेटर की जगह हल्के गर्म कपड़े पहनकर निकले। पार्कों में धूप का आनंद लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम में एक डिग्री की बढ़ोतरी से सुबह की ठंडक में थोड़ी कमी आई। धूप में तेजी आने से सर्द हवाओं का असर भी कम हो गया। लोगों की दिनचर्या भी सामान्य रही। दुकानों और बाजारों में रौनक रही। हालांकि, सुबह और देर शाम हल्की ठंड महसूस की जा रही है।

# 5 दिन से तेंदुए की दहशत, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम दुल्हापुर में पिछले पांच दिनों से तेंदुए की सक्रियता से ग्रामीणों में भय है। लोगों ने शाम ढलते ही घरों से निकलना बंद कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

ग्राम प्रधान वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि तेंदुआ घर की मुख्य दीवार तक आकर बैठ जाता है। घर के पास से गुजर रहे बिजली के तारों के कारण वह अंदर नहीं घुस पाया। प्रधान के अनुसार बीती रात लगभग 2:30 बजे भी तेंदुआ देखा गया।

ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर निकालना मुश्किल हो गया है। लोग खेतों पर जाने से भी डर रहे हैं, जिससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कई बार वन विभाग को सूचना दी गई, लेकिन अब तक न तो पिंजरा लगाया गया और न ही कोई टीम मौके पर तैनात की गई। वन अधिकारी रवि कुमार गंगवार ने बताया कि सूचना विभागीय अभिलेख में दर्ज कर ली गई है और पिंजरा उपलब्ध होते ही गांव भेजा जाएगा।

प्रदर्शन में अंकित कुमार, रवि कुमार, नितिन कुमार, कृष, सतीश, हिमांशु, अखिलेश और देवेंद्र कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करते हुए पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने तथा गांव में गश्त बढ़ाने की मांग की है।



गांव दुल्हापुर में तेंदुआ पकड़ने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार



घायल नीलगाय।

### तेंदुए के हमले से घायल नीलगाय, दहशत में ग्रामीण

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील कांठ क्षेत्र के ग्राम सादकपुर खिचड़ी के जंगल में स्थित एक गोशाला के समीप गुरुवार अपराह्न लगभग 4 बजे तेंदुए ने एक नीलगाय पर हमला कर दिया। हमले में उसके पैर और गर्दन में चोटें आईं। गोशाला के केयरटेकर और ओमकार सिंह ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान को दी। प्रधान पुत्र योगेश्वर सिंह सहित कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे। गोशाला में मौजूद डॉक्टर डॉ. केशव चौहान को बुलाया गया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर नीलगाय का प्राथमिक उपचार किया। दिनदहाड़े तेंदुए द्वारा नीलगाय पर हमला किए जाने की घटना से लाडलाबाद, सादकपुर खिचड़ी, ढाट सहित आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। उपचार के बाद स्थिति में सुधार होते ही नीलगाय जंगल की ओर चली गई। हालांकि इस घटना की सूचना वन विभाग को नहीं दी गई। इस संबंध में वन विभाग के डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है। सूचना प्राप्त होती है तो विभागीय टीम मौके पर भेजी जाएगी।

# बदलते मौसम में वायरल के मरीज बढ़े, बच्चों को निमोनिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बदलता मौसम लोगों की सेहत पर असर डाल रहा है। दिन में तेज धूप तो रात में ठंड के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव हो रहा है। इसका सीधा असर बच्चों से लेकर युवाओं व बुजुर्गों की सेहत पर पड़ रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में पिछले दो सप्ताह में वायरल बुखार के मरीजों की संख्या दोगुनी होकर 250 से अधिक पहुंच गई है। इसके अलावा बच्चों और युवाओं में निमोनिया के मामले भी तेजी से सामने आ रहे हैं।

चिकित्सकों के अनुसार मौसम में इस तरह का बदलाव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करता है। जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर है, वे वायरस और बैक्टीरिया की चपेट में जल्दी आ रहे हैं। खांसी, जुकाम, तेज बुखार, सांस लेने में तकलीफ और बदन दर्द जैसी शिकायतें आम हो गई हैं। कई बच्चे निमोनिया के लक्षणों के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एके सिंह ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने कहा बच्चों को हल्की सर्दी-खांसी को नजरअंदाज न करें। तेज बुखार या सांस लेने में परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। समय पर इलाज न मिलने से निमोनिया की आशंका बढ़ जाती है।

### शुरुआती लक्षणों को हल्के में न लें

जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह का कहना है कि लोग शुरुआती लक्षणों को हल्के में लेकर मेडिकल स्टोर से दवा ले लेते हैं, जिससे बीमारी दब तो जाती है लेकिन पूरी तरह ठीक नहीं होती। उन्होंने कहा कि लगातार एक सप्ताह तक बुखार रहने या हालत बिगड़ने पर ही मरीज अस्पताल पहुंचते हैं। स्व-चिकित्सा से बचें और डॉक्टर की सलाह से ही दवा लें। बताया कि दवा के साथ सलाह दी जा रही है कि मौसम के अनुसार कपड़े पहनें, ठंडी चीजों से परहेज करें, पर्याप्त पानी पिएं और संतुलित आहार लें। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को सुबह-शाम की ठंड से बचाना जरूरी है, ताकि वायरल संक्रमण और निमोनिया जैसी बीमारियों से बचा जा सके।

## त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील

**डिलारी, अमृत विचार:** थाना डिलारी प्रांगण में गुरुवार को रमजान, होली व ईद के मौके पर बैठक का आयोजन किया गया। उपजिला अधिकारी ठाकुरद्वारा प्रीति सिंह ने अध्यक्षता व संचालन थाना अध्यक्ष डिलारी कृष्ण कुमार भगेला ने किया। जिसमें आगामी त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि ईद, रमजान, होली पर भाईचारा बनाए रखें। इस दौरान अवैध रूप से कोई कार्य करते मिलने पर किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ढकिया मुजम्मिल हुसैन, ग्राम प्रधान सदाबहार सिंह, सचिन राणा, रईस अहमद, अशरफ अली, साकिर हुसैन, डॉ मोहम्मद अयूब, जियाउल्लाह चौधरी, राम सिंह चौहान, आदि उपस्थित रहे।

# बस व कार की भिड़ंत, तीन महिलाओं समेत छह घायल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- ठाकुरद्वारा में रिश्तेदार के यहां जा रहे थे कार सवार

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद हाईवे पर गुरुवार दोपहर रोडवेज बस और कार की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन महिलाओं सहित छह लोग घायल हो गए। कार चालक एयरबैग खुलने के कारण बाल-बाल बच गया।

दुर्घटना कोतवाली क्षेत्र के रामूवाला गणेश के पास हुई। उत्तराखंड परिवहन की रामनगर डिपो की बस विपरीत दिशा से आ रही थी। इसी दौरान रामपुर जिले के स्वार थाना क्षेत्र के सैदनगर निवासी मोहम्मद नबी के परिवार की कार से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में मोहम्मद नबी, उनकी पत्नी नरगिस, रिश्तेदार बिलकिस (पत्नी अफसर अली), जायरा (पत्नी अकबर अली), मासूम अली और कफील घायल हो गए। बताया गया कि सभी लोग ठाकुरद्वारा में रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पायलट दुरोज पाल और ईएमटी शिवम यादव ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। बाद में परिजन बेहतर इलाज के लिए सभी घायलों को काशीपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। हादसे से कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को हटवाया और यातायात सुचारु कराया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री से मुलाकात, कई मुद्दों पर चर्चा

संवाददाता, कांठ



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते पूर्व विधायक। ● अमृत विचार

- पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह ने गिनाईं समस्याएं

**अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व विधायक कांठ विधानसभा क्षेत्र राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की। ग्रामीण क्षेत्र में मार्गों के नवनिर्माण में चौड़ीकरण एवं पुलों के निर्माण के संबंध में बात की और कांठ में 432वी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज स्वीकृत करने पर आभार व्यक्त किया।

पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि विधानसभा क्षेत्र के दो मार्ग एवं तीन छोटे पुल बहुत ज्यादा क्षतिग्रस्त होने के कारण किसानों को कृषि उपज ढ़ोने एवं जनता को आवागमन में भारी सुविधा हो रही है। उन्होंने ग्राम मूंढा खेड़ी से वाया शाहपुर, शहजौली होकर अमरोहा बाईपास तक नवनिर्माण एवं चौड़ीकरण लगभग 10 किलोमीटर मुरादाबाद नूरपुर मार्ग पर ग्राम मथाना से वाया शेखुपुरा, मनकुवा, अलीपुर कुई होते हुए बुढेरना नहर तक नवीनीकरण एवं चौड़ीकरण कराए जाने की मांग की। शेखुपुरा से कोठी खिदमतपुर मार्ग पर स्थित नदी पर पुल, ग्राम मथाना से रसूलपुर गुर्जर मार्ग पर करुला नदी पर पुल सहित तीनों पुल बनवाने की मांग की है। जल शक्ति मंत्री को पत्र देकर ऊमरी रजबाहे एवं अलीपुर माइनर पर किसानों पर दर्ज मुकदमों को समाप्त करने की मांग की है। अवगत कराया कि नहर में अधिकतर कुलाबे नीचे और खेत ऊंचे हो गए हैं जिस कारण किसानों को नहर द्वारा सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पाती है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री से मिलकर उन्हें बताया कि भीकनपुर बिजली घर की लाइन लंबी होने एवं अधिक लोड होने से खराबी बनी रहती है इसलिए उन्होंने नया उपकेंद्र छज्जू नंगला स्थापित कराया था जिसे जनपद अमरोहा के कोठी खिदमतपुर बिजली घर से जोड़ दिया गया। जानकारी करने पर पता चला कि छज्जू नंगला उपकेंद्र को डबल सप्लाई नहीं दी जा रही है जबकि भीकनपुर एवं अपने आसपास के सभी उपकेंद्र पर डबल ग्रुप सप्लाई मिल रही है।

**Sobtis Buildwell Private Limited**

(CIN : U45201DL2003PTC120934)

पंजीकृत कार्यालय : WZ 152-B,- शॉप. नं. 3, प्लाट नं. 165, प्रताप नगर, पश्चिम दिल्ली नई दिल्ली, दिल्ली भारत 110064

**सार्वजनिक सूचना (Public Notice)**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी मैसर्स (M/s) SOBTIS BUILDWELL LIMITED (CIN : U45201DL2003PLC120934), जिसका पंजीकृत कार्यालय WZ 152-B, शॉप नंबर-3, प्लॉट नंबर 165, प्रताप नगर, पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110064 में स्थित है, का नाम बदलकर मैसर्स (M/s) SOBTIS BUILDWELL PRIVATE LIMITED (नया CIN - U45201DL2003PTC120934) कर दिया गया है।

यह परिवर्तन 17.09.2025 से प्रभावी है, जिसे क्षेत्रीय निदेशक (उत्तर), कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (MCA), और कंपनी रजिस्ट्रार, CPC, नई दिल्ली की स्वीकृति के बाद कंपनी को 'पब्लिक लिमिटेड' से 'प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी में परिवर्तित करने के परिणामस्वरूप किया गया है। पूर्व नाम के तहत किए गए सभी सौदे, अनुबंध और दायित्व नए नाम के तहत जारी रहेंगे।

कृते सोबतीस बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड
दिव्यजोत सिंह सोबती (निदेशक)
DIN: 07175519
स्थान : बरेली दिनांक: 19.02.2026

## न्यूज डायरी

### सड़क की मरम्मत स्वीकृत

**कांठ, अमृत विचार :** बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हुई शेरपुर रुस्तमपुर से भैंसाली जमालपुर को जोड़ने वाली 1.4 किलोमीटर सड़क की मरम्मत को लोक निर्माण विभाग ने स्वीकृति दे दी है। मुख्य मार्ग की मरम्मत शुरू होने की सूचना से ग्रामीणों में खुशी और उत्साह का माहौल है। ग्राम शेरपुर रुस्तमपुर और भैंसली जमालपुर के बीच स्थित लगभग 1.4 किलोमीटर लंबी सड़क बरसात के दौरान पानी उतरने से अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो गई थी। सड़क की स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि बरसात के समय आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था। यह मार्ग भैंसली जमालपुर के ग्रामीणों के लिए कांठ तहसील मुख्यालय तक पहुंचने का मुख्य और सीधा रास्ता है। सड़क टूट जाने के कारण क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद द्वारा मरम्मत को स्वीकृति दे दी गई है। सड़क की मरम्मत स्वीकृत होने पर सत्यवान सिंह राजपूत जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, ओमप्रकाश सिंह, केशव शर्मा, नरेंद्र सिंह, जितेंद्र चौहान, वीरेंद्र सिंह, जयवीर सिंह एडवोकेट, रामावतार सैनी सहित अन्य ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### मारपीट: दो मामलों में दो आरोपी पकड़े

**भगतपुर, अमृत विचार :** थाना भगतपुर पुलिस ने दो मारपीट आदि के मामलों के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के ग्राम कुकरझुंडी में शिव मंदिर पर भंडारे के दौरान राशन सामग्री देने को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए थे। इसके बाद भगतपुर मोड़ पुलिया के पास दोनों पक्षों में दोबारा मारपीट व फायरिंग की घटना हुई थी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। एक पक्ष की ओर से दो रिपोर्ट दर्ज कराई गई थीं व पुलिस की ओर से भी कुछ आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी नितिन कुमार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। दूसरे मामले में 31 दिसंबर को गाली गलौज के विरोध पर चार आरोपियों ने ग्राम लालपुर बराही निवासी ओमपाल सिंह के सिर में कुल्हाड़ी से वार कर दिया था। मामले में ओमपाल सिंह के पुत्र देवेंद्र सिंह ने संतोष, तेजिंदर, अभिषेक व हैप्पी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी निवासी ढकिया गुलाबो उधमसिंह नगर को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं।

### बंद रेलवे फाटक के नीचे से निकलने की होड़



**कांठ, अमृत विचार :** नगर स्थित थाना चौक के पास बने रेलवे फाटक 433 वी के गाड़ी आने के समय बंद होने के बावजूद प्रतिदिन सैकड़ों व्यक्ति जान जोखिम में डालकर फाटक के नीचे से निकाल कर गुजरते रहते हैं, जिस कारण कभी भी कोई बड़ा हादसे की आशंका बन सकती है। कांठ रेलवे स्टेशन से अनेक रेलगाडियां तेज गति से यहां से गुजरती है। रेलवे फाटक 433-वी पर ट्रेन आने से पहले फाटक को गेटमैन द्वारा बंद कर दिया जाता है। मतलबपुर- मेवानवादा स्टेशन से गाड़ी को आने में 15 मिनट का समय लगने के दौरान नगर में स्थित रेलवे फाटक के नीचे से दोपहिया वाहन चालक वाहन निकालते हैं। इस आपाधापी में अक्सर कई दोपहिया वाहन चालक गिर जाते है। फाटक के नीचे से निकलने की होड़ में किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। घंटो जाम लगने के कारण स्कूली बच्चे भी अपनी साइकिल बंद फाटक के नीचे से निकालते देख जा सकते हैं। यहां ट्रेन आने पर घंटों तक जाम लग जाता है। आए दिन यात्री आसपास के नागरिक इस जाम की समस्या से बुरी तरह जूझ रहे हैं।

### आरआरआर सेंटर के नाम पर एक ही स्थान पर बार-बार खर्च का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोपों को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा नेता पवन पुष्पद ने पालिकाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी पर अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायत पत्र सौंपकर जांच करा की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका में नियमों की अनदेखी करते हुए सरकारी धन का मनमाने ढंग से उपयोग किया गया। 2020 में बस स्टैंड वार्ड संख्या-5 में लगभग 8.62 लाख रुपये की लागत से यात्री शेड बनाया गया जो पूर्ण रूप से तैयार भी नहीं हुआ था। इसके बावजूद फरवरी 2024 में उसी स्थान पर लाखों खर्च कर आरआरआर सेंटर बना दिया। सेंटर का कार्य निर्धारित समयावधि से पहले ही बढ़ा दिया। दिसंबर 2025 में सेंटर की मरम्मत के नाम पर पुन: धन खर्च किया गया। बाद में उसी स्थान पर रैन बसेरे का निर्माण भी करा दिया गया, जबकि इसके लिए नगर पालिका बोर्ड से कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ। रैन बसेरे की आड़ में दो दुकानों का निर्माण करा बाद में उन्हें रातों-रात ध्वस्त कर दिया गया। जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका स्पष्ट होती है।

### मेड़ पर खड़े पेड़ों के कटान का आरोप, दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीपली अहीर में खेत की मेड़ पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों को काटे जाने का मामला सामने आया है। समरपाल यादव पुत्र लेखराज सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह गांव का स्थायी निवासी है। उसके खेत की पश्चिम दिशा की मेड़ पर लगभग 80 यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े थे। आरोप है कि 18 फरवरी 2026 को लगभग शाम 4 बजे जब वह पुत्री को दवाई दिलाने ठाकुरद्वारा गया था, उसी दौरान गांव का ही एक व्यक्ति कई पेड़ों को कटवाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरने लगा। जब पीड़ित मौके पर पहुंचा तो आरोपित ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोप है कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पूर्व में 26 दिसंबर को भी पेड़ काटे जाने की शिकायत प्रार्थना पत्र के माध्यम से की गई थी। पीड़ित किसान ने कोतवाली पुलिस से मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने व दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

न्यूज ब्रीफ

### बरात में आई टैक्सी को किया क्षतिग्रस्त

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बारात में आई टैक्सी को मामूली विवाद के चलते एक युवक ने क्षतिग्रस्त कर दिया गया। टैक्सी चालक ने पुलिस को तहरीर दी है। मुरादाबाद से एक बरात कस्बा के मोहल्ला पंजाबी कालोनी निवासी राजेश कुमार के घर आई थी। बारात के दौरान किसी बात को लेकर टैक्सी चालक और एक व्यक्ति के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद आोपी ने टैक्सी को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित टैक्सी चालक घरातियों के साथ तुरंत कोतवाली पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। कस्बा चौकी प्रभारी योगेश सिंह ने बताया कि अभी उन्हें तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

### होली मेले में नहीं होगी घोड़ा दौड़

**ढकिया, अमृत विचार :** शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के खंदेली गांव में प्राचीन काल से तीन दिवसीय होली मेला लगता चला आ रहा है। जिसमें प्राचीन काल से ही घोड़ों की भी दौड़ होती है। खंदेली गांव में लगने वाला तीन दिवसीय होली मेला दूर दूर तक प्रसिद्ध है, लेकिन शाहबाद कोतवाली के ढकिया पुलिस चौकी प्रभारी ने घोड़ा दौड़ की अनुमति देने से साफ इंकार कर दिया है। जिसको लेकर ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गांव के होली मेले में प्राचीन काल से घोड़ा दौड़ होती चली आ रही है। लेकिन पुलिस घोड़ा दौड़ की पुरानी परंपरा पर भी रोक लगा रही है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से परंपरागत मेले में घोड़ा दौड़ के लिए अनुमति दिए जाने की मांग की है।

### बेटे की कसम के सामने झुका प्रेमी

**ढकिया, अमृत विचार :** शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती एक सप्ताह पूर्व दूसरी बिरादरी के शादीशुदा प्रेमी के साथ चली गई थी। मामला दो बिरादरी के बीच का देखते हुए पुलिस तत्काल हरकत में आ गई और सोमवार रात को शाहबाद पुलिस ने उत्तराखंड के एक शहर से शादीशुदा प्रेमी व उसकी प्रेमिका को बरामद कर लिया। लड़की को उसके परिजनों साथ भेज दिया। प्रेमी प्रेमिका को एक दूसरे को न छोड़ने की जिद पर अड़े रहे। शादीशुदा युवक पर एक बच्चा भी है। पिता ने रोते हुए ढकिया पुलिस चौकी में युवक को उसके मासूम बच्चे की कसम दिलाकर प्रेमिका को छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। तब प्रेमी ने शाहबाद कोतवाली पहुंचकर प्रेमिका से अपने माता पिता के घर जाने को कहा। शादीशुदा प्रेमी के साथ रखने से मना करने पर निराश प्रेमिका अपने माता पिता के घर चली गई।

# शहनाइयों से गूंजा फिजिकल कॉलेज मैदान, 980 जोड़े की हुई शादी

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में एक ही पंडाल के नीचे काजी ने पढ़ा निकाह और पंडित ने मंत्र, शहर विधायक, डीएम समेत अन्य अधिकारियों ने दिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से गुरुवार को फिजिकल कॉलेज के मैदान पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ। इसमें 980 जोड़े विवाह बंधन में बंधे, जिनमें मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया गया, जबकि हिंदू धर्म के जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सात फेरे लिए। मुख्यातिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सभी नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। साथ ही सरकार की इस योजना को सामाजिक सशक्तिकरण और गरीब कल्याण का प्रतीक बताया।

स्वार रोड स्थित फिजिकल कॉलेज के मैदान पर आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने किया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, सीडीओ गुलाबचंद्र, एडीएम प्रशासन नितिन मदान, एडीएम वित्त एवं राजस्व संदीप वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने नए जोड़ों को आर्शीवाद दिया और घरेलू सामान जोड़ों को भेंट किया। इसके बाद सामाजिक रीति रिवाजों के अनुसार अलग-अलग पंडाल में विवाह समारोह हुआ। एक तरफ वैदिक मंत्रों के उच्चारण की गूंज के साथ सात फेरे हुए, तो दूसरी तरफ निकाह पढ़ाया गया। इस दौरान 980 जोड़े विवाह बंधन में बंध गए। इसमें 1039 जोड़ों का पंजीकरण किया था। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी बेटी आर्थिक अभाव के कारण विवाह से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि यह योजना सामाजिक सशक्तिकरण और गरीब कल्याण का सशक्त माध्यम है, जो समाज के सभी वर्गों को सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर देती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनसे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ मिल सके। सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और अनावश्यक खर्च को रोकने में भी सहायक हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



नवविवाहित जोड़ों के साथ शहर विधायक व अन्य नेता। ● अमृत विचार



दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार



नवविवाहित जोड़ों को सामान देते शहर विधायक व अधिकारी।

● कार्यक्रम में अधिकारियों व अन्य लोगों ने किया सहयोग

### प्रत्येक लाभार्थी को मिलते हैं एक लाख रुपये

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बेटियों को सरकार की ओर से एक लाख रुपये की धनराशि दी जाती है। जिसमें से 60 हजार रूपये बेटी के खाते में जाते हैं, जबकि 25 हजार रूपये का सामान, कपड़े इत्यादि दिया जाता है। इसके अतिरिक्त 15 हजार रूपये व्यवस्था में खर्च होते हैं। जिसमें भोजन, पेयजल, पंडाल, पूजन आदि सम्मिलित रहता है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में 217 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

● जिले में 74 केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा

● हाईस्कूल के 12 और इंटरमीडिएट के 205 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा में गुरुवार को 210 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। जिले में 74 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा में पहली पाली में हाईस्कूल के 5 परीक्षार्थी जबकि, दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के 205 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 8 बजे और दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 2 बजे शुरू हुई।

पहली पाली में हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की कंप्यूटर और व्यावसायिक विषय की परीक्षा थी। हाईस्कूल में कंप्यूटर विषय की परीक्षा के लिए 223 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 216 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि, 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसके अलावा हाईस्कूल की व्यावसायिक परीक्षा के लिए 255 परीक्षार्थी ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 250 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 5 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। परीक्षा केंद्रों पर पहली पाली की परीक्षा में सुबह 8:30 बजे शुरू हुई। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा हुई। इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 2536 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था। जिसके सापेक्ष 2329 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि, 205 अनुपस्थित रहे।

### देर से पहुंचे परीक्षार्थी को परीक्षा में बैठा सकते हैं केंद्र व्यवस्थापक

**रामपुर, अमृत विचार :** वाहन खराब होने या कोई दुर्घटना होने पर परीक्षा केंद्र पर आधा घंटा विलंब से पहुंचे परीक्षार्थी को केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट स्व विवेक से निर्णय ले सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि अंतिम निर्णय केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को लेना होगा। इस तरह का कोई दिशा निर्देश फिलहाल यूपी बोर्ड से नहीं मिला है। परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए वाहन चालकों और बाइक चलाने वालों को जल्दी होती है। यदि वाहन खराब हो जाए या कोई सड़क दुर्घटना हो जाए तब परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परीक्षार्थी को देर हो सकती है। परीक्षा केंद्र पर 15 मिनट या आधा घंटा देर से पहुंचे परीक्षार्थी के लिए क्या व्यवस्था रहेगी। इस बाबत जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि वाहन खराब होने या कोई दुर्घटना होने के कारण बच्चे को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में देर होती है तब बच्चे को परीक्षा में बैठाना है या उसे मना कर देना है यह निर्णय केंद्र व्यवस्थापक और वहां मौजूद स्टेटिक मजिस्ट्रेट को लेना होगा। क्योंकि इस बाबत बोर्ड ने कोई गाइडलाइन नहीं दी है।

| हाईस्कूल कंप्यूटर प्रथम पाली | |
|---|---|
| पंजीकृत परीक्षार्थी | 223 |
| उपस्थित | 216 |
| अनुपस्थित | 07 |
| **हाईस्कूल व्यावसायिक शिक्षा** | |
| पंजीकृत परीक्षार्थी | 255 |
| उपस्थित | 250 |
| अनुपस्थित | 05 |
| **इंटरमीडिएट नागरिक शास्त्र दूसरी पाली** | |
| पंजीकृत परीक्षार्थी | 2534 |
| उपस्थित | 2329 |
| अनुपस्थित | 205 |

"हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए पुख्ता इंतजाम कराए गए हैं।
– **अंजलि अग्रवाल**, जिला विद्यालय निरीक्षक

### टांडा विधायक ने विकास कार्यों का मुद्दा सदन में उठाया

**मसवासी, अमृत विचार:** स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने मसवासी बाईपास निर्माण व मसवासी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उच्चीकरण के लिए के मुद्दे सदन में उठाए। युवा भाजपा नेता व विधायक प्रतिनिधि दीपचंद गोयल ने इस मामले में खुशहालपुर तिराहे मानपुर कर्बला मैदान से मुरादाबाद मार्ग तक बाईपास निर्माण करने और मसवासी अस्पताल के नए भवन का निर्माण करने और उच्चीकरण का प्रस्ताव दिया था। जिसको विधायक ने सदन में उठाकर कार्रवाई की मांग की।

व्यापार मंडल ने भी विधायक को ज्ञापन सौंप कर बाईपास निर्माण की मांग की थी। व्यापारियों की शिकायत थी कि मसवासी काशीपुर मार्ग काफी संकरा स्थिति में है। जिसपर भारी वाहनों का आवागमन बना रहता है और जाम की स्थिति बन जाती है। भाजपा नेता दीपचंद गोयल ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि इन प्रस्तावों पर मुहर लगेगी।

# वकीलों की हड़ताल अग्रिम आदेशों तक स्थगित

● गुरुवार को अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन सभागार में बैठक कर लिया फैसला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला पंचायत कार्यालय में 11 फरवरी को अधिवक्ता फारुख अहमद खां की गोली मारकर हत्या के मामले में गुरुवार को बार एसोसिएशन रामपुर सभागार में एक आम सभा हुई। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी की अध्यक्षता में निर्णय लिया गया कि अग्रिम आदेशों तक हड़ताल स्थगित रहेगी।

राजेंद्र प्रसाद लोधी ने कहा कि हत्या के मामले में आरोपी अपर मुख्य अधिकारी की गिरफ्तारी एवं मृतक अधिवक्ता के परिवार को मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत हैं। बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा डीएम व एसपी द्वारा अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक द्वारा भी अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए प्रयास हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा सदस्यों की मांगों को लेकर आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही अधिवक्ताओं की मांगों को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा बार एसोसिएशन रामपुर के सदस्यों द्वारा एक प्रार्थना पत्र भी दिया गया है। इस सभा में उस प्रार्थना पत्र पर भी विचार विमर्श किया गया। होली व ईद का त्यौहार आने वाला है, इसपर भी विचार विमर्श किया गया। शासन व पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे हमारी मांगों को लेकर आश्वासन दिया गया है। सभी सदस्यों को भरोसा करते हुए सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया कि अधिवक्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए और वादकारियों के हित में फैसला लिया कि अग्रिम आदेश तक हड़ताल स्थगित की जाती है। 19 फरवरी से अग्रिम आदेश तक सुचारू रूप से कार्य किया जाएगा। सभा की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने की और संचालन महाचिव मोहम्मद उसमान खान ने किया गया।

# डीएम ने तहसील का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को तहसील सदर के विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने 1 से 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने धारा 24, धारा 38 तथा निर्विवाद विरासत से संबंधित जारी किए जाने वाले आदेशों की समीक्षा की। उन्होंने एसडीएम सदर को निर्देशित किया कि कलेक्ट्रेट परिसर से एसडीएम न्यायालय को सदर तहसील में स्थानांतरित किया जाए, ताकि वादकारियों को एक ही स्थान पर सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया तथा न्यायालय तहसीलदार कार्यालय में अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति देखी। पोर्टल पर प्राप्त ई-परवाना आदेशों एवं विभिन्न धाराओं में पारित आदेशों की प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने तहसील परिसर स्थित कार्यालयों की साफ-सफाई, जनसामान्य हेतु बैठने की व्यवस्थाओं तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को भी देखा। जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईआरओ से नोटिस निर्गत करने की प्रक्रिया, नोटिस अपलोड एवं वितरण, साक्ष्य मिलान सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण किए जाएं।




एसआईआर को लेकर जानकारी लेते डीएम अजय कुमार द्विवेदी। ● अमृत विचार

● विशेष पुनरीक्षण कार्य में तेजी व लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए

# बरातियों से मारपीट मामले में आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

● डीजे पर डांस को लेकर हुआ था विवाद

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार:** बारातियों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला अली खां काशीपुर उत्तराखंड निवासी संतोष देवी द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

जिसमें बताया कि 17 फरवरी को भांजे की बारात क्षेत्र के गांव मुल्लाखेड़ा में आई थी। इस दौरान डीजे पर डांस किए जाने को लेकर निरंजन आदि ग्रामीणों से विवाद हो गया। आरोप लगाया कि निरंजन आदि व्यक्तियों द्वारा गाली-गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने लाठी-डंडों तथा धारदार हथियार से मारपीट शुरू कर दी, जिसके चलते आठ बाराती घायल हो गए। घायलों में जयकरन, उनकी पत्नी संतोष, अजय, उनकी मां ओमवती, रोहित, राहुल, हिमांशु और रामकुमार को सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जिनमें से चार घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। बाद में उन्होंने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इस पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि इस मामले में निरंजन, सोनू, हरिओम, प्रेम, कमल, नेकपाल, हरकिशोर व एक अज्ञात निवासीगण गांव मुल्लाखेड़ा के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तिराहों और चौराहों पर लगाए जाएं सीसीटीवी : डीआईजी

● गुरुवार को डीआईजी मुनिराज जी ने किया वार्षिक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** पुलिस उप महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज जी ने गुरुवार को एकीकृत कमांड रूम, आरओआईपी-112 कार्यालय, कंट्रोल रूम का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के प्रमुख तिराहों और चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नियंत्रण कक्ष की व्यवस्थाओं व कंट्रोल सेंटर व डायल-112 की कार्यप्रणाली को देखा गया। पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी को पुलिस ड्यूटियों को मुस्तैद रखने व पुलिसिंग को ओर अधिक प्रभावी बनाने तथा जनता को समय पर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर दिशा निर्देश दिए। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर जिले के महत्वपूर्ण स्थानों व चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया व सभी तिराहों-चौराहों एवं मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए निर्देश दिए। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी से लगातार निगरानी रखने निर्देश दिए गए। डायल-112 पर प्राप्त होने वाली सूचनाओं का पीड़ितों से फीडबैक लेने के लिए भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर जितेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी शाहबाद देवकीनंदन, कार्यालय क्षेत्राधिकारी टांडा, लाइन्स, क्षेत्राधिकारी मिलक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

### डीआईजी ने कोतवाली थाने का निरीक्षण किया

पुलिस उप महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद मुनिराज जी द्वारा थाना कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण कर अभिलेखों के रखरखाव आदि को चेक किए और आवश्यक निर्देश दिए। थाना कोतवाली में गार्द की सलामी ली। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर, ऑर्डर बुक, जनशिकायती रजिस्टर, मालमुकदमाती रजिस्टर, मिशन शक्ति रजिस्टर, फ्लाई शीट, रजिस्टर नं-8 व अन्य अभिलेखों के रख-रखाव एवं उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया। साथ ही थाना परिसर में बने थाना कार्यालय, जीडी कार्यालय, हवालात, मालखाना व ई-मालखाना, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर सैल, सीसीटीएनएस कक्ष, भोजनालय, आगन्तुक कक्ष, विवेचना कक्ष आदि का मुआयना कर साफ-सफाई को चेक किया और दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर जितेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी मिलक, क्षेत्राधिकारी शाहबाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।






पंडित दीनदयाल उपाध्याय
वृहद् मण्डलीय
एक दिवसीय
पशु आरोग्य शिविर/मेला, मुरादाबाद
का आयोजन माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से
पशु पालन विभाग द्वारा किया जा रहा है।
श्री आञ्जनेय कुमार सिंह I.A.S,
आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद
की गरिमामयी उपस्थिति में
एवं
श्री अनुज सिंह I.A.S.
जिलाधिकारी महोदय, मुरादाबाद की अध्यक्षता में
: विशिष्ट अतिथि :
डॉ0 शैफाली सिंह — मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत, मुरादाबाद
श्री रामवीर सिंह — मा0 विधायक, 29-कुन्दरकी
श्री रितेश गुप्ता — मा0 विधायक, नगर मुरादाबाद
डॉ0 जयपाल सिंह "व्यस्त" — मा0 सदस्य विधान परिषद
श्री सत्यपाल सिंह सैनी — मा0 सदस्य विधान परिषद
डॉ0 हरि सिंह ढिल्लों — मा0 सदस्य विधान परिषद
श्री गोपाल अंजान — मा0 सदस्य विधान परिषद
श्री दीपक गोयल — मा0 सदस्य गौ सेवा आयोग
डॉ0 नवदीप यादव — मा0 ब्लाक प्रमुख मूँढापाण्डे
डॉ0 मेमपाल सिंह — निदेशक/ विभागाध्यक्ष पशु पालन विभाग, लखनऊ
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद — निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पशु पालन विभाग, लखनऊ
दिनांक 22 फरवरी 2026, रविवार को आयोजित किया जायेगा।
कार्यक्रम स्थल- सैंट एंथनी स्कूल, बूजपुर मान,
विकास खण्ड मूँढापाण्डे, तहसील व जनपद मुरादाबाद।
आप सादर आमंत्रित हैं।
डॉ0 सुनील दत्त — मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मुरादाबाद
मृणाली अविनाश जोशी I.A.S. — मुख्य विकास अधिकारी मुरादाबाद



अमृत विचार
मुरादाबाद, शुक्रवार, 20 फरवरी 2026
रामपुर

न्यूज ब्रीफ

## शुभराज का जेईई मेंस में हुआ चयन


शुभराज सिंह।

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र शुभराज सिंह का जेईई मेंस में चयन होने पर विद्यालय में खुशी का माहौल हैं। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य गंगाराम ने कहा कि शुभराज सिंह अपनी मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस में सफल हुआ है। शुभराज सिंह ने सफलता श्रेय शिक्षकों और अपने माता-पिता को दिया हैं।

## डीएम ने स्वागत कक्ष का उद्घाटन किया

**रामपुर, अमृत विचार :** डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित मीडिया स्वागत कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह कक्ष मीडिया कर्मियों व अन्य अधिकारिक कार्यों के लिए स्थापित किया गया है। इस मौके पर डीएम ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। इसके माध्यम से प्रशासन को जमीनी स्तर की सूचनाएं प्राप्त होती हैं, जिससे जनसमस्याओं के निराकरण करने में सहायता मिलती है। डीएम ने कहा कि प्रशासन और मीडिया दोनों के बीच सकारात्मक एवं सतत संबंध लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## मेज तोड़ने के विवाद में मां-बेटों को पीटा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव मुडिया खुर्द निवासी मीना पत्नी संजय साहनी गुरुवार की दोपहर अपने दोनों पुत्रों विजय साहनी और शिवा साहनी के साथ कोतवाली पहुंची। यहां उसने पुलिस को अपनी तहरीर सौंपकर बताया कि तड़के छह बजे गांव के ही रहने वाली एक महिला ने उसके दो पुत्रों से प्लास्टिक की मेज तोड़ने को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि वह अपने पुत्रों के साथ दुकान लगाने के लिए जा रही थी। इस दौरान गाली-गलौज करने वाली महिला और उसके कुछ साथियों ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। उक्त लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया तथा उसे और उसके दोनों पुत्रों को घायल कर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि अभी मामले की जांच की जा रही है।

# रोजा रखने से दोजख की आग से होती है हिफाजत

### अल्लाह रोजेदारों की खताओं को कर देता है माफ, परहेजगारी करना है रमजान में रोजा रखने का मकसद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रमजान का महीना ही एक ऐसा महीना है, जिसकी दिन और रात दोनों ही फजीलत वाली हैं। रमजान के ही महीने में पूरी दुनिया को कुरआन जैसी ताकतवर किताब मिली जिसमें हर सवाल का जवाब मौजूद है। रोजे का बदला अल्लाह देगा और दोजख की आग से हिफाजत होगी, मगफिरत मिलेगी। अल्लाह रोजेदार की खताओं को माफ कर देता है और रोजेदार की बीमारियां दूर होती हैं।

शहर इमाम मौलाना नासिर खां ने बताया कि रोजा रखने का मकसद परहेजगारी करना है, अल्लाह फरमाता है कि रोजा तुम पर इस कदर फर्ज है जैसे तुमसे पहले आई उम्मतों पर था। जब कोई शख्स रोजा रखता है तो उसको यह फिक्र होती है कि मुझे यह गलत काम नहीं करना है। नहीं तो अल्लाह नाराज हो जाएगा। तो इसे ही परहेजगारी कहते हैं जो जिंदगी में काफी फायदा पहुंचाती है। रमजान के महीने में हमारे चारों तरफ इबादत का माहौल होता है। हर कोई इबादत कर रहा होता है और अपने रब को राजी करने की कोशिश करता है। ऐसे में उस इंसान का भी ईमान ताजा हो जाता है जो पूरे साल इबादत नहीं करता लेकिन, औरों को देखकर रमजान की रहमतों को देखकर उसके दिलों में भी ईमान जागता है और वह भी इबादत में लग जाता है। रमजान के रोजे की सबसे बड़ी फजीलत यह भी है कि इस महीने रोजा रखने से और अल्लाह की इबादत करने से मगफिरत हासिल होती है।


बाजार में सजी दुकान से खजला फैनी खरीदते लोग। ● अमृत विचार


इफ्तार के लिए खजूर खरीदते रोजेदार। ● अमृत विचार

## मुकद्दस रमजान आते ही सजीं खजला और फैनी की दुकानें

- इफ्तार के लिए 100 से 1200 रुपये किलो तक बिक रही खजूर
- बाजार में महंगे दामों में बिक रही अजवा और अंबर खजूर

**रामपुर, अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान आते ही खजला और फैनी की दुकानें सज गई हैं। सहरी में लोग दूध में डालकर खजला और फैनी खाते हैं। इसके अलावा इफ्तार के लिए बाजार में 100 रुपये 1200 रुपये किलो खजूर बिक रही है। बाजार में अजवा और अंबर खजूर की कीमत 800 से 1200 रुपये किलो तक है।जिला अस्पताल के फिजिशियन खजूर में पर्याप्त मात्रा में ग्लूकोज, फ्रक्टोज, और सुक्रोज पाया जाता है। खजूर से रोजा इफ्तार करना सुन्नत है। शहर के बाजार नसरुल्लाह खां बाजार, पीला तालाब, पुराना गंज, हामिद गेट, किला पूर्वी गेट पर खजला और फैनी की दुकानें सज गई हैं। रोजेदार सहरी में दूध में डालकर खजला और फैनी खा लेते हैं। बाजार नसरुल्लाह खां में मोहम्मद अहमद बताते हैं कि माहे रमजान में सहरी के लिए खजला और फैनी जबकि, इफ्तार के समोसों की मांग खासी बढ़ जाती है। बताया कि उनकी दुकान से खजला और फैनी काफी दूर-दूर तक जाता है। क्योंकि, खजले को बनाने का अंदाज अलग है उनके यहां खजला काफी क्रिसपी होता है इसी तरह फैनी भी शुद्ध घी में तैयार की जाती है।

## रमजान का चांद नजर आते ही तरावीह हुई शुरू

**ढकिया, अमृत विचार :** बुधवार की शाम को रमजान का चांद नजर आते ही लोगों ने एक दूसरे को रमजान के पवित्र महीने की मुबारकबाद दी और क्षेत्र की मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा होनी शुरू हो गई। घरों में भी महिलाओं ने शहरी का इंतजाम किया। बाजारों में भीरमजान की रौनक दिखाई दी।

## छह वर्षीय बालक ने रखा पहला रोजा


मोहम्मद वासिल।


मोहम्मद आजाद।

**मसवासी, अमृत विचार :** रमजान का महीना शुरू होते ही बच्चों के दिलों में रोजे रखने का शोक पनपने लगा है। मसवासी और बिजारखाता में अलग-अलग स्थान पर दो बालकों ने रोजे रखें और नमाज भी अदा की। नगर पंचायत के मोहल्ला चाऊपुरा निवासी मोहम्मद अकरम के छह वर्षीय पुत्र मोहम्मद वासिल ने रमजान माह के पहले दिन का पहला रोजा रखा वासिल के रोजा रखने से परिवार मे खुशी का माहौल बना हुआ है। बच्चे के रोजा इफ्तार के लिए नए नए पकवान बनाये गए है वहीं मोहम्मद वासिल के दादा पूर्व चेयरमैन मोहम्मद अहमद मुल्ला पूरा दिन वासिल को खुश रखने मे लगे रहे। उधर बिजारखाता में भी 6 साल के मोहम्मद आजाद सलमानी ने भी रोजा रखा और नमाज भी अदा की बालक के रोजा रखने को लेकर परिवार में काफी उत्साह का माहौल रहा परिजनों ने उसे बहला फुसलाकर कर रोजे का समय पूरा कराया और अल्लाह ताला से बच्चों के हक में दुआएं मांगी गई।

"खजूर सेहत के लिए काफी फायदेमंद है खजूर के खाने से शरीर को तुरंत ताकत मिलती है। इस सुपरफूड में पर्याप्त मात्रा में ग्लूकोज, फ्रक्टोज, और सुक्रोज पाया जाता है। इसके अलावा इसमें फाइबर, चीनी और मैग्नीशियम के साथ आपके शरीर को समृद्ध करने का गुण होता है। खजूर कई बीमारियों में भी मददगार है। खजूर से रोजा इफ्तार करने से शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है।

– **डॉ. डीके वर्मा**, फिजीशियन जिला अस्पताल

# शिविर में हेपेटाइटिस बी के 3 मामले मिले रिएक्टिव

- जुठिया गांव में लगे शिविर में 152 लोगों की हुई जांच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वावधान में चेतना संस्थान की ओर से जिले के गांवों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी एवं सी और मधुमेह पीड़ित 152 लोगों की जांच की गई।

जांच के दौरान हेपेटाइटिस बी के 3 मामले रिएक्टिव मिले शिविर में पहुंची मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को जांच कराना चाहिए। ताकि, समय रहते रोग का पता चले और उस रोग का इलाज हो सके। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश ने कहा कि शिविर का उद्देश्य आमजन को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना हैं। एचआईवी, टीबी और हेपेटाइटिस जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। गुरुवार को लगे शिविर में कुल 152 लोगों की जांच की गई, जिनमें 56 पुरुष, 96 महिलाएं तथा 13 गर्भवती महिलाएं शामिल रहीं। जांच के दौरान हेपेटाइटिस बी के 3 मामले रिएक्टिव पाए गए, जिनमें 1 महिला और 2 पुरुष शामिल हैं। सभी रिएक्टिव पाए गए व्यक्तियों को परामर्श देकर आगे की जांच एवं उपचार के लिए संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर रेफर किया गया। शिविर में क्लस्टर मुरादाबाद की सीपीएम विनीता पांडेय, परियोजना प्रबंधक अंकित गुलाटी मौजूद रहे।


मरीजों से जानकारी लेतीं सीएमओ डॉ. दीपा सिंह। ● अमृत विचार

## मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है फाइलेरिया: डॉ. राहुल

**रामपुर, अमृत विचार :** सीएमओ कार्यालय के सभागार में फाइलेरिया रोगियों को उनकी रूग्णता प्रबंधन के संबंध में स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने के लिए बुधवार को कार्यशाला हुई। डॉ. राहुल ने कहा कि फाइलेरिया रोग मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। यह रोग मुख्यत: पैर, हाथ, वृषण एवं स्तन जैसे अंगों को प्रभावित करता है। सीएमओ डॉ. दीपा सिंह की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम, एआरओ, एलटी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रतिभाग किया। डॉ. राहुल ने रोग से बचाव की जानकारी दी। रोगियों को एमएमडीपी किट के उपयोग का प्रायोगिक प्रदर्शन भी कराया गया। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. ताहिर हाशमी, सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार राय, मलेरिया निरीक्षक रिंकु वर्मा, विनय कुमार वर्मा, अखिलेश कुमार, फाइलेरिया निरीक्षक ललित कुमार, देवराज सिंह, शालिनी गुप्ता, राहिना कौसर, इतरत अली खां, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

# कशिश और रंजीत ओवरऑल चैंपियन

संवाददाता बिलासपुर

- पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल व प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल ने किया पुरस्कृत

**अमृत विचार:** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में 29वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह समापन का धूमधाम से हुआ। जिसमें छात्रा वर्ग में कशिश यादव और छात्र वर्ग में रंजीत कुमार को ओवर ऑल चैंपियन चुना गया।

महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह के अंतिम दिन विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 400 मीटर दौड़ में छात्रा वर्ग में नीलम ने प्रथम स्थान और 1500 मीटर दौड़ में भी नीलम प्रथम स्थान पर रही। गोला फेंक में आंचल, ऊंची कूद में कशिश यादव प्रथम स्थान पर रहीं। वहीं म्यूजिकल चेयर में सिमरनजीत कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में रंजीत कुमार ने प्रथम, 1500 मीटर मंगली ने पहला पहले स्थान पर रहे। गोला फेंक में विशाल यादव ने प्रथम स्थान पाया।

छात्रा वर्ग में कशिश यादव तथा छात्र वर्ग रंजीत कुमार ओवरऑल चैम्पियन बनें। विजयी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल ने पुरस्कृत किया। इस दौरान क्रीड़ा प्रभारी डा. नीलिमा सिंह ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर प्रोफेसर विवेक तिवारी, डॉ. हर्षवर्धन मिश्र, डॉ. नीलम मौर्य, डॉ. अवतार दीक्षित, डॉ. दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ. संघ रतन सिंह, डॉ. अरविन्द उपाध्याय, डॉ. शिल्पा राठी, डॉ. पंकज गंभीर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवओम शर्मा ने किया।



खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल व प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल।

# गुरु और भगवान का सम्मान करना चाहिए

- कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ समिति द्वारा पुरानी आवास विकास कॉलोनी में आयोजित भागवत कथा के छठे दिन पंडित देवव्रत शुक्ल ने प्रवचन दिए। उन्होंने बताया कि गुरु और भगवान का सम्मान करना चाहिए।

कहा भगवान अकारण ही सहायता करते हैं और जीव बता कर सहायता करता है। मनुष्य को संतों का होकर विश्वास के साथ भगवान की भक्ति करनी चाहिए ताकि भगवान के दर्शन हो सके। गोपियों ने भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने की इच्छा से माता कात्यानी का व्रत किया। इस व्रत के करने से ही कन्याओं को मनचाहा वर प्राप्त होता है। कथा से पूर्व मुख्य यजमान के रूप में सूर्यनाथ यादव एवं पत्नी नीलम यादव सह यजमान अतुल अग्रवाल पत्नी मीनू अग्रवाल और विष्णु राठौर सपत्नी सहित व्यास एवं व्यास पीठ का पूजन किया गया। कथा में जुगेश अरोरा, कुक्कू मुरारी, लाल शर्मा, अंकित कुमार, पीयूष कुमार, मनोज सक्सेना, लवी, राधेश्याम यादव, दिनेश अग्रवाल, डॉ. तेजवीर यादव, आशीष सक्सेना, पंडित उमेश शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा, दिलीप गुप्ता, राजेश कुमार, अशोक कुमार, सीमा गुप्ता, मुक्ता गुप्ता, मंजू गुप्ता, इंदु सक्सेना, कांति, राधिका, गंगा, कविता भाटिया, स्वाति, सुमन परिहार, सुनीता कंबोज, नीलमा रस्तोगी आदि भक्त मौजूद रहे।


श्रीमद्भागवत कथा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# विद्यालय खुलने के बाद भी नहीं गए पीड़ित छात्र-छात्राएं

- अभिभावकों और छात्र-छात्राओं ने प्रधानाचार्य पर लगाया था अश्लील हरकत करने का आरोप

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार :** सेंट फ्रांसिस स्कूल में प्रिंसिपल द्वारा छात्र-छात्राओं से अश्लील हरकतें के बाद अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल नहीं भेजा। कहा कि जब तक उनके बच्चों की सुरक्षा की गारंटी नहीं, तब तक उन्हें स्कूल नहीं भेजेंगे।

गुरुवार को अश्लील हरकतें की घटना के दो दिन बाद रोजाना की तरह विद्यालय तो खुला, लेकिन छात्र-छात्राओं समेत दर्जनों बच्चों ने स्कूल से दूरी बनाए रखी। गुरुवार की सुबह शिक्षण कार्य के लिए विद्यालय को खोला गया, मगर छात्र-छात्राओं में से तो एक भी बच्चा विद्यालय नहीं पहुंचा। अभिभावकों ने बताया कि वे लोग बच्चों को शिक्षा के लिए स्कूल भेजते हैं। उन्हें उम्मीद है कि बच्चे स्कूल में अपने भविष्य का सपना बुनेंगे। वहां शिक्षित होकर सही रास्ते पर चलेंगे। लेकिन जब स्कूल के प्रधानाचार्य ही बेशर्मी पर उतर आए और बच्चों से अश्लील हरकतें करने लगें। तब स्कूल में न तो बच्चे सुरक्षित हैं और न ही उनका भविष्य। कहा अगर प्रिंसिपल ही भक्षक बन जाए, तो हम किस पर भरोसा करें। पंचायत और सामूहिक बैठकों में स्पष्ट किया गया है कि केवल निलंबन जैसी खानापूर्ति से वह संतुष्ट नहीं होंगे। उनकी मांगें हैं कि में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाए, महिला स्टाफ की अनिवार्य उपस्थिति और एक सुरक्षा समिति का गठन किया जाए।

न्यूज डायरी

## लखनऊ में हुए लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन



**रामपुर, अमृत विचार :** मनरेगा कानून हटाने के विरोध में लखनऊ में हुए लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेसियों ने गुरुवार को गांधी समाधि पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने गांधी जी के चरणों में बैठकर रघुपति राघव राजा राम भजन का सामूहिक गायन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि मनरेगा जैसे जनकल्याणकारी कानून को कमजोर करना गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निक्कू पंडित, शहर कांग्रेस अध्यक्ष बाकर अली खान ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर साहिर रजा खां नोमान मुमताज खां, मोहम्मद जकी, राजेश कुमार, शहजाद एडवोकेट, दुर्गेश मौर्य, दामोदर,आरिफ अल्वी, यासिर शाह खान, फहीम पहलवान, रामकिशोर, जहांगीर खां, रामगोपाल सैनी, भूरा खान, शाहवेज खान, शिशुपाल आदि मौजूद रहे।




## ग्रामीणों को नशा मुक्ति के लिए किया जागरुक

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के सात दिवसीय वार्षिक शिविर में बुधवार की सुबह स्वयं सेवकों ने प्राथमिक विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई और विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया। इसके बाद ग्राम भुर्जी की मड़ैया में जाकर ग्रामीणों को नशा मुक्ति व मतदान के लिए जागरूक किया। शिविर में हुई गोष्ठी में ग्राम प्रधान रफतजहां ने विचार रखे। डॉ. सुरेश ध्यानी ने गीत सुनाया। कार्यक्रम में डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. घनश्याम सरोज, डॉ. इरम नईम, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. शैलेंद्र कुमार, डॉ. शाहिदा परवीन, डॉ. माया भारती, डॉ. सुरेश ध्यानी, डॉ. उपदेश छिमवाल, डॉ. लोकेश कुमार, डॉ. राजकुमार आदि रहे।



## हत्यारोपी मामा को पुलिस ने भेजा जेल

**रामपुर, अमृत विचार :** स्वार थाना क्षेत्र खौद कलां में भांजे की गला रेतकर हत्या के मामले में पुलिस ने उसके चचेरे मामा नसीम उर्फ भूरा को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। स्वार पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात भांजे आकिल की हत्या के आरोपी नसीम उर्फ भूरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। आरोपी की निशानदेही पर दरांती और खून से सनी उसकी जींस भी बरामद की है। अभियुक्त नसीम उर्फ भूरा पुत्र हनीफ ग्राम खौद कलां थाना स्वार का निवासी है। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर धाराओं में वृद्धि की गई है।

## रात को हुई बूंदाबांदी से मौसम का बदला मिजाज

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार की रात हल्की बूंदाबांदी से मौसम का मिजाज बदल गया था। लेकिन गुरुवार की सुबह धूप खिलने के बाद मौसम गरमा गया। अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जबकि, 8 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली।

फरवरी की तारीखें जैसे-जैसे बदल रही हैं मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। बुधवार की रात को हल्की बूंदा-बांदी हुई और हवा चलने से लोगों को सर्दी का अहसास हुआ लेकिन, गुरुवार की सुबह से तेज धूप निकलने से काफी गर्मी हो गई। पूरे दिन सूर्य देव चमकते रहे और लोगों को सर्दी से निजात मिली। धूप इतनी तेज थी कि लोग ज्यादा देर धूप में नहीं बैठ सके और उठकर साये में आ गए। मौसम गर्मी वाला आ गया है लेकिन, सुबह और शाम की सर्दी हो रही है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

- बिलासपुर रोड स्थित ग्राम सिहारी के समीप हुआ दर्दनाक हादसा

संवाददाता मिलक

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल को नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से गंभीर अवस्था में उसे रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

गुरुवार को थाना मीरगंज के चुरई दलपतपुर गांव निवासी ओंकार बाइक से अपने ममेरे भाई की गोद भराई के कार्यक्रम में शामिल होने थाना मिलक के ग्राम खानपुर जदीद जा रहे थे। इसी दौरान नगर के बिलासपुर रोड स्थित ग्राम सिहारी के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल को नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद डॉक्टरों ने गंभीर अवस्था में उन्हें रेफर कर दिया। हादसे की खबर पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे में मृत्यु के खबर मिलने पर बरेली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। मृतक अपने पीछे तीन पुत्रियों और एक पुत्र को छोड़ गया है। कोतवाल पुष्कर सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ था। जिसको इलाज के लिए परिजन बरेली ले गए थे। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल,एक रेफर

**सैफनी, अमृत विचार :** दोस्त से मिलकर बाइक से घर वापिस जा रहे दो युवक नगर के बस स्टैंड के पास कार की टक्कर लगने से घायल हो गए। एक की हालत गंभीर बताई गई है। जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के नैया खेड़ा गांव निवासी अंकित पुत्र जसवंत (25)अपने गांव के ही राजू के साथ सैफनी क्षेत्र के मधुपुरी गांव में अपने दोस्त से मिलकर बाइक से शाम 7 बजे के समय घर वापस जा रहे थे। जैसे वह सैफनी के बस स्टैंड के नजदीक पहुंचे तभी एक कार उनकी बाइक में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार अंकित और राजू घायल हो गए उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, अंकित की गंभीर हालत होने के चलते उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## गहरे गड्ढे में पलटी एंबुलेंस, चालक घायल

**स्वार, अमृत विचार:** स्वार रामपुर मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण के दौरान खोदे गए गहरे खड्डों के कारण मंगलवार रात एक एंबुलेंस पलट गई। जिसमें एम्बुलेंस चालक घायल हो गया। वाहन में रोगी नहीं था। घायल चालक की पहचान हरदोई निवासी महेश पुत्र रामेश्वर दयाल के रूप में हुई है। चालक ने बताया कि वह दिल्ली से शव लेकर स्वार क्षेत्र के एक गांव आया था। वह एम्बुलेंस से वापस दिल्ली लौट रहा था। समोदिया गांव के अड्डे के पास पहुंचते ही एम्बुलेंस का टायर सड़क किनारे खोदे गए खड्डे में चला गया जिससे असंतुलित होकर सड़क किनारे खोदे गए गड्डे में पलट गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि रामपुर मार्ग पर जगह जगह गहरे खड्डे खोदे गए हैं लेकिन न तो चेतावनी संकेत लगाए गए हैं और न ही बैरिकेडिंग की गई है, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं।

## समस्याओं को लेकर कोतवाल से मिले भाजपाई



**स्वार,अमृत विचार :** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने अपनी पूरी टीम के साथ नवागत कोतवाल संजीव कुमार से मुलाकात कर पटका पहनाकर सम्मानित किया और नगर मंडल की समस्याओं से अवगत कराया। नगर मे मुख्य चौराहे समेत बिलासपुर तिराहा और भूरा पान वाले के पास ऑटो और ई रिक्शा से लगने वाले जाम एवं अतिक्रमण करने वालों को हटवाए जाने की मांग की है। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, अमित कुमार सक्सेना, सूरज वाल्मीकि, हरीश मौर्य, अतर सिंह, दीपक चंद्र, विनेश कुमार मौर्य, जानकी प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डयूटी जा रहे रेलवे प्वांइट्समैन से बाइक व मोबाइल लूटा



**अमरोहा, अमृत विचार :** ड्यूटी करने जा रहे रेलवे कर्मचारी के साथ नकाबपोश बदमाशों ने मारपीट करते हुए बाइक, बैग व मोबाइल लूट कर ले गए। पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। गांव महेशरा निवासी रिजवान पुत्र अनीश अहमद उत्तर रेलवे में प्वांइट्समैन के पद पर काफूरपुर रेलवे स्टेशन पर कार्यरत है। बुधवार की शाम वह बाइक से ड्यूटी जा रहा था। मध्य गंगा नहर का पुल पार किया तभी नकाबपोश बाइक सवार 3 बदमाशों ने उसे रोक लिया। लाठी डंडों से मारपीट कर बदमाश ने बाइक, बैग व मोबाइल लूट लिया। पीड़ित रेलवे कर्मचारी रिजवान ने थाना रजबपुर में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी कोमल को तोमर ने बताया कि घटना प्रथम दृष्टया संदिग्ध लग रही है। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

### आयुष्मान व संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति की जानकारी ली और विशेष अभियान चलाकर प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पंचायत सहायकों को सक्रिय रूप से लगाकर अधिक से अधिक पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि डिलीवरी प्वाइंट बढ़ाए जाएं तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, एनटीईपी, ई-संजीवनी और कोल्ड चेन की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए। आईसीडीएस की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और जिन सीडीपीओ की प्रगति कमजोर पाई गई, उन्हें कड़ी चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने निर्देश दिए कि संस्थागत प्रसव का डेटा एएनएमवार तैयार किया जाए। सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर सुनिश्चित करें तथा सीएचओ और एएनएम को प्रेरित करें।

# सभासद भी चेयरमैन पति के खिलाफ

## कलेक्ट्रेट जाकर डीएम को दिया शिकायती पत्र, स्वच्छता प्रेरक पद से हटाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



कलेक्ट्रेट में डीएम को शिकायती पत्र देने जाते सभासद। ● अमृत विचार

- विकास कार्यों में चेयरमैन पति नदीम जैदी के हस्तक्षेप का जताया विरोध
- बुधवार को चेयरमैन पति के कार्यालय में 'प्रवेश वर्जित' के लगाए पोस्टर

**अमृत विचार :** नगर पंचायत नौगांवा सादात में अध्यक्ष पति को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ईओ द्वारा पोस्टर लगाने के बाद अब सभासदों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को शिकायती पत्र देकर चेयरमैन पति नदीम जैदी को स्वच्छता प्रेरक के पद से हटाने की मांग की है। साथ ही आरोप लगाया कि चेयरमैन पति नगर पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं। इससे कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की।

नगर पंचायत नौगांवा सादात में सभासदों, ईओ और चेयरमैन के बीच घमासान चल रहा है। बुधवार को नगर पंचायत परिसर में चेयरमैन पति के कार्यालय आने पर 'प्रवेश वर्जित' के पोस्टर लगाए गए थे। ईओ सलिल भारद्वाज के निर्देशन पर नगर पंचायत कार्यालय में पोस्टर लगाए गए थे। इसके बाद ईओ और चेयरमैन पति नदीम जैदी की तरफ से बयानबाजी सामने आई थी। चेयरमैन पति नदीम जैदी ने राजनीतिक छवि खराब करने का आरोप लगाया वहीं ईओ का कहना था कि चेयरमैन पति के हस्तक्षेप के कारण विकास कार्यों में बाधा आ रही है। अब गुरुवार को नगर पंचायत के 8 से 10 सभासद कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभासदों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि चेयरमैन पति नगर पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप करते हैं, जिससे कार्य प्रभावित हो रहे हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इस हस्तक्षेप को तत्काल समाप्त कराए, ताकि योजनाएं पारदर्शिता के साथ लागू हो सकें।

सभासदों ने यह भी कहा कि चेयरमैन पति को स्वच्छता प्रेरक के पद से हटाया जाए। उनका कहना है कि एक ही व्यक्ति द्वारा कई स्तरों पर प्रभाव बनाए रखने से व्यवस्था प्रभावित हो रही है और विकास की गति धीमी पड़ रही है। इस बार विवाद नगर पंचायत की चेयरमैन सुबीना जैदी और उनके पति नदीम अब्बास जैदी को लेकर है। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत का वास्तविक संचालन चेयरमैन पति ही कर रहे हैं, जबकि निर्वाचित चेयरमैन नाममात्र की भूमिका में हैं।

सभासदों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर के विकास कार्यों में चेयरमैन पति का हस्तक्षेप पूरी तरह बंद कराया जाए, ताकि नगर पंचायत की कार्यप्रणाली नियमानुसार चले और वास्तविक विकास कार्यों को गति मिल सके। सभासद राशिद, नजफ अली, मरगूब हैदर, रिजवान हैदर, अब्बास हैदर, नर्गिस परवीन आदि रहे।

### रेलवे कर्मचारियों ने की मजदूरों के साथ मारपीट

**अमरोहा, अमृत विचार :** रेलवे कर्मचारियों ने मजदूरों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। मजदूरों पर शिकायत न करने का दबाव बनाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गजरौला क्षेत्र के गांव नौनेर निवासी राजकुमार ने तहरीर दी कि 17 फरवरी को वह अपने साथियों योगेंद्र और कैलाश के साथ गांव काफूरपुर रेलवे स्टेशन के पास मजदूरी कर रहा था। रेलवे कर्मचारी मुमताज, भूर सिंह, अजमल, धर्मवीर और मुकेश आए और गालियां देने लगे। विरोध किया तो आरोपियों ने लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। लोहे की रॉड से मारी। लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी चले गए। योगेंद्र और कैलाश का एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपियों ने उन पर मुकदमा दर्ज न कराने के लिए दबाव बनाया। थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# प्रेमी संग जाने की जिद पर अड़ी विवाहिता, हंगामा

संवाददाता, हसनपुर

- मायके वालों व प्रेमी के परिजनों के बीच खींचतान

**अमृत विचार :** विवाहिता को लेकर बुधवार रात हसनपुर कोतवाली गेट पर उसके मायके वालों व प्रेमी के परिजनों के बीच जमकर हंगामा व खींचतान हुई। विवाहिता प्रेमी के घर जाने की जिद पर अड़ गई। धक्का मुक्की व खींचतान के बीच मायके वाले उसे ले गए।

हसनपुर नगर निवासी युवती की शादी एक वर्ष पूर्व सैदनगली कस्बा निवासी युवक से हुई थी। इस बीच विवाहिता के नैन ससुराल के पड़ोस में रहने वाले युवक से लड़ गए। 2 दिन पूर्व विवाहिता ससुराल छोड़कर प्रेमी के घर पहुंच गई। खबर लगते ही मायके वाले भी पहुंच गए और विवाहिता को जबरन अपने साथ ले आए। बुधवार रात विवाहिता ने अपने प्रेमी को फोन कर बताया कि मायके वाले उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। प्रेमी अपनी मां व बहन के संग प्रेमिका के घर पहुंच गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस बीच प्रेमी की मां ने पुलिस बुला ली। पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई।

प्रभारी निरीक्षक अपराध अमरपाल सिंह से विवाहिता ने अपने प्रेमी के संग जाने की जिद की। उन्होंने विवाहिता को समझा कर मायके जाने के लिए कह दिया। जैसे ही दोनों पक्ष कोतवाली के गेट पर आए की विवाहिता को लेकर खींचतान हो गई। प्रेमी पक्ष उसे अपने साथ ले जाने लगा, जिसका मायका पक्ष ने विरोध किया। दोनों पक्षों के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई। शोर शराबा सुनकर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत किया। इसके बाद मायका पक्ष के लोग विवाहिता को अपने साथ ले गए। अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि विवाहिता बालिग है। वह प्रेमी संग जाने की जिद पर अड़ी है। पति से तलाक लेने की बात कह रही है। फिलहाल वह मायके वालों के संग चली गई है।

# प्री-प्राइमरी शिक्षा को मजबूत करने पर जोर



कॉपी किताबें लिए बच्चे और अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी विकास खंड के सभागार में गुरुवार को हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव के अंतर्गत गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी नींव मजबूत करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व शिक्षकों की भूमिका अहम है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि शासन की इस योजना का उद्देश्य प्री-प्राइमरी और प्राथमिक शिक्षा के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने खेल-खेल में शिक्षा के जरिए बच्चों को स्कूल के प्रति आकर्षित करने और बुनियादी साक्षरता के लक्ष्यों को प्राप्त करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ट शिक्षक विकास राहुल ने किया। इस दौरान एआरपी संजीव कुमार मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, जगवीर सिंह, दिवाकर शर्मा सहित भारी संख्या में शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

### भाकियू का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में गुरुवार को भी जारी रहा।

भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि गजरौला क्षेत्र में रासायनिक फैक्ट्रियों से निकलने वाले जहरीले अपशिष्ट ने भूजल को दूषित कर दिया है। नाईपुरा, शहबाजपुर डोर समेत कई गांवों में कैंसर जैसी घातक बीमारियां, त्वचा रोग, पेट संबंधी समस्याएं और फसलें बर्बाद होने की शिकायतें तेज हो गई हैं। रासायनिक फैक्ट्रियां पर्यावरण का नाश कर रही हैं, जबकि प्रशासन व सरकार चुप्पी साधे हुए हैं। धरना 60 दिनों से अधिक चल चुका है, और यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज होगा। धरने में होमपाल सिंह, विजय सिंह, पृथ्वी सिंह, अनमोल सिंह अंकुर सिंह, आशु चौहान, मंसूर अली, ओम प्रकाश सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# रेल रोकने जा रहे कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



गांधी प्रतिमा के पास धरना देते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

- लखनऊ में कांग्रेस जनों पर लाठीचार्ज का आरोप लगा गांधी मूर्ति पर दिया धरना

**अमृत विचार :** लखनऊ विधानसभा घेराव कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसियों पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने गांधी मूर्ति पर धरना दिया। इस दौरान गांधी मूर्ति से रेलवे स्टेशन पर रेल रोकने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका। इस दौरान कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प हुई। बाद में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

17 फरवरी को लखनऊ विधानसभा घेराव कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा कांग्रेस जनों पर किए गए लाठी चार्ज के विरोध में कांग्रेसियों ने गांधी मूर्ति पर धरना दिया। इसके बाद गांधी मूर्ति से रेल रोकने के लिए रेलवे स्टेशन चल दिए। पुलिस ने रास्ते में उन्हें रोका। इस दौरान पुलिस से तीखी नोंकझोंक हुई। रास्ते में ही एसडीएम सदर ज्ञापन लिया। जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा लोकतंत्र में जनता जनार्दन मलिक होती है और आज उसी जनता जनार्दन के साथ भाजपा की सरकार जुल्म कर रही हैं। किसानों को उनका हक नहीं मिल रहा है। नौजवानों को रोजगार, मजदूरों को काम नहीं मिल रहा। पुलिस किसानों, मजदूरों, नौजवानों पर लाठी चार्ज करती है। कांग्रेस किसान, मजदूर के सम्मान की लड़ाई लड़ रही है उनके हक की आवाज उठाती है तो सरकार आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

17 फरवरी को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज कराया है उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। योगी सरकार और मोदी सरकार सत्ता के अहंकार में तानाशाही हो गई है। किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम नहीं दिया जा रहा है। शंकराचार्य का अपमान हो रहा है। गाय की हत्या हो रही है। विरोध प्रदर्शन में चौधरी सुखराज सिंह, फैज आलम राईनी, शाहिद सिद्दीकी, राजकुमार अरुण, हाजी खुर्शीद अनवर, अली इमाम रिजवी, इंतजार मेहंदी नकवी, योगेंद्र कटारिया, डॉ मुशर्रफ़ खान अली, यासिर अंसारी आदि रहे।

# जाम में फंसीं एंबुलेंस और स्कूली बसें, घंटों परेशानी

संवाददाता, हसनपुर



अमरोहा चौराहे पर जाम में फंसे वाहन।

**अमृत विचार :** नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। गुरुवार दोपहर एक बार फिर नगर के अमरोहा अड्डे पर उस वक्त भीषण जाम लग गया, जब ओवरलोड गन्ने के ट्रकों और ट्रैक्टर-ट्रालियों ने मुख्य मार्गों की घेराबंदी कर ली।

अमरोहा अड्डा, झकड़ी अड्डा और संभल अड्डे पर हालात इतने बदतर रहे कि पैदल चलना भी दूभर हो गया। हैरानी की बात यह है कि नगर का कोई ऐसा दिन नहीं बीतता जब इन तीनों प्रमुख अड्डों पर घंटों जाम न लगता हो, लेकिन पुलिस प्रशासन इस समस्या का स्थाई समाधान खोजने में पूरी तरह फेल नजर आ रहा है। भारी वाहनों की बेतरतीब आवाजाही ने स्कूली बच्चों और मरीजों की एम्बुलेंस के लिए भी मुसीबत खड़ी कर दी है। घंटों तक वाहनों की काफी लंबी कतार लगी रही। लोग जाम में फंसे रहे, जबकि डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मी बेबस नजर आए। इस गंभीर समस्या को लेकर जब सीओ पंकज त्यागी ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच की जा रही है।

### फैक्ट्री कर्मियों के घर चोरी का खुलासा नहीं

**गजरौला, अमृत विचार :** दो फैक्ट्री कर्मियों के मकान में ताले तोड़कर हुई लाखों रुपये की चोरी का दो दिन बाद भी खुलासा नहीं हो सका।

मोहल्ला अतरपुरा निवासी चंद्रमणि मिश्रा व नितेश सरोज शहर की एक फैक्ट्री में कार्यरत है। सोमवार की रात दोनों ही फैक्ट्री में काम करने के लिए गए थे। दोनों के परिवार वाले इन दिनों अपने गांव में है। चोरों ने उनके मकान के ताले तोड़कर दस हजार रुपये की नगदी व सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब तीन लाख रुपये का सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की वारदात के दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरी का खुलासा करने में असमर्थ रही। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

# हरिओम के फरार हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- पीड़ित परिवार सुभासपा नेता के साथ एसपी कार्यालय पहुंचा

**अमृत विचार :** पांच दिन पहले कांवड़ लेने जा रहे 50 वर्षीय किसान हरिओम प्रजापति की गोली मारकर हत्या के मामले में परिजनों ने एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन कर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की। हालांकि इस मामले में पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

गुरुवार को सुभासपा नेता बलराज सिंह प्रजापति पीड़ित परिवार के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे। नौगावां सादात पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने 24 घंटे के भीतर अन्य हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग की और गिरफ्तारी न होने पर जिला मुख्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी। दरअसल पांच दिन पहले यहां के निवासी हरिओम की गांव मूंढा खेड़ा के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गंभीर हालत में उसे मेरठ रेफर किया गया, जहां बीते रविवार दोपहर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जब हरिओम प्रजापति का शव गांव पहुंचा, तो परिजन और ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए लोगों ने शव को जोया ईकौंदा मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया था। नौगावां सादात थाना पुलिस ने इस मामले में दो सगे भाइयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने अभी तक एक हत्यारोपी टिंकू उर्फ नरेंद्र को जेल भेजा है। ट्रैक्टर के विवाद में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को जेल भेज दिया । परिजनों ने दो सगे भाइयों पर हत्या करने का आरोप लगाया था।

## न्यूज डायरी



### ढक्का मोड़ पर सांप-नेवले की लड़ाई देखने जुटे लोग

**सैदनगली, अमृत विचार :** ढक्का मोड़ पर एक बड़ा सांप और नेवला भिड़ गए। दोनों के बीच लड़ाई इतनी जोशीली और लंबी चली कि राहगीरों और वाहन चालकों की भीड़ जमा हो गई। करीब आधा घंटा तक भारी जाम लगा रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांप सड़क पार कर रहा था, तभी नेवले ने उसे चुनौती दे दी। दोनों ने एक-दूसरे पर तेज झपट्टे मारे, दौड़-भाग की और जमकर लड़ाई की। लोग दूर से ही देखते रह गए कुछ डर के मारे पीछे हट गए, तो कई उत्साही लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। सड़क के बीचों-बीच यह जंग चलती रही, जिस कारण जाम लग गया। लोगों का कहना है कि यह अनोखा नजारा देखकर वे हैरान रह गए, लेकिन जाम की वजह से काफी परेशानी भी हुई।



### घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट, चेन छीनी

**हसनपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला होली वाला नुमाइश ग्राउंड के पास दबंगों द्वारा एक महिला के घर में घुसकर मारपीट, लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। शबनम पत्नी नईम मंसूरी ने कोतवाली में तहरीर दी कि उनके पति ने हातिम सराय जनपद संभल निवासी अपने दो रिश्तेदारों से एक मकान खरीदा था, जिसका बैनामा होना शेष है। बुधवार दोपहर नगर निवासी एक व्यक्ति अपने चार अज्ञात साथियों के साथ उनके घर पहुंचा और मकान पर अपना दावा जताते हुए ताला तोड़ने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। हमलावर उसके गले से सोने की चेन लूट ली। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने उसे बचाया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### जीडी एकेडमी में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

**हसनपुर, अमृत विचार :** जीडी एकेडमी में कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य ब्रज त्यागी ने कहा की आज कक्षा 8 के बच्चों का एक महत्वपूर्ण चरण है जो उन्हें आगे उच्च अध्ययन एवं करियर की दिशा प्रदान करता है उन्होंने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कक्षा 7 के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने सीनियर को बहुत ही सुंदर तरीके से विदाई दी।

### सिपाही पर पत्नी को जलाने की कोशिश का आरोप, 10 पर रिपोर्ट

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** पीएसी सिपाही पर पत्नी को जिंदा जलाने के प्रयास तथा दहेज उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर मंडी धनौरा पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सुनगढ़ माफी निवासी किरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पहचान फेसबुक के माध्यम से बबलू कुमार निवासी आजमपुर से हुई थी। बबलू 8वीं वाहिनी पीएसी, बरेली में तैनात है। बबलू ने शादी का झांसा देकर तीन वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण किया। पुलिस में शिकायत के बाद 5 जनवरी 2026 को दोनों का विवाह हुआ। शादी के कुछ समय बाद ही पति बबलू, सास, जेठ, जेठानी तथा अन्य परिजनों ने बुलेरो कार और 5 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। 18 जनवरी की शाम आरोपी उसके मायके में आए और गाली-गलौज कर मारपीट की। डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने उसकी जान बचाई। एसएसआई सतीश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### न्यायालय आई पत्नी के साथ मारपीट

**अमरोहा, अमृत विचार :** मुकदमे में तारीख पर आई विवाहिता के साथ उसके पति व ससुर ने गाली गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पर मुकदमा दर्ज किया है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव खुर्तिया निवासी हिमांशी का गांव उमरपुर निवासी उसके पति निर्पेंद्र सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह से विवाद चल रहा है। 10 फरवरी को हिमांशी तारीख पर न्यायालय आई थी। दोपहर में घर जा रही थी। नृपेंद्र सिंह ने अपने पिता धर्मपाल के साथ कचहरी में उसके साथ गाली गलौज की। मारपीट कर धमकी दी कि कितने मुकदमे लड़ ले मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। मारपीट होता देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। प्रभारी निरीक्षक शौकेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में पिता पुत्र के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# वन विभाग कार्यालय में भाकियू का हंगामा

संवाददाता, मंडी धनौरा



वन विभाग के कार्यालय में हंगामा करते यूनियन के लोग। ● अमृत विचार

- पिलखन की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली जब्त किए जाने पर भड़के

**अमृत विचार :** पिलखन की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली जब्त किए जाने के बाद गुरुवार को हंगामे की स्थिति बन गई। वन विभाग की कार्रवाई से नाराज भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने गोलघर स्थित विभागीय कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में किसान मौके पर जमा हो गए, जिससे कुछ समय के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया। बाद में जुर्माना वसूलकर ट्रैक्टर ट्राली छोड़ दी गई।

वन विभाग की टीम ने नियमित चेकिंग के दौरान गांव मलेशिया निवासी किसान प्रमोद की ट्रैक्टर-ट्राली को रोका। ट्राली में पिलखन की लकड़ी लदी हुई थी। अधिकारियों का कहना है कि लकड़ी के परिवहन से संबंधित वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए, जिसके चलते ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त कर कार्यालय परिसर में खड़ा करा दिया गया। विभाग का कहना है कि प्रतिबंधित श्रेणी की लकड़ी या बिना अनुमति परिवहन की स्थिति में कार्रवाई करना आवश्यक होता है। कार्रवाई की सूचना भाकियू (टिकैत) तक पहुंची। कुछ ही देर में दर्जनों कार्यकर्ता वन विभाग कार्यालय पहुंच गए और हंगामा कर दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि विभाग किसानों का उत्पीड़न कर रहा है और बिना पूरी जानकारी दिए कार्रवाई की जा रही है। कार्यालय पर काफी देर तक गहमागहमी रही। वन क्षेत्राधिकारी अवनीश कुमार ने आश्वासन दिया कि नियमानुसार जुर्माना जमा कराने के बाद ट्रैक्टर-ट्राली छोड़ दी जाएगी। बाद में विभागीय अधिकारियों ने प्रतिबंधित लकड़ी का जुर्माना वसूलकर ट्रैक्टर-ट्राली को मुक्त कर दिया।

प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह, तहसील अध्यक्ष देशराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष चीमा, कपिल चौधरी, फिरासत सलमानी, निरंजन सिंह, मायाराम यादव, देवेंद्र अम्हेड़ा, कृपाल यादव सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को सुरक्षा व हेल्पलाइन की दी जानकारी

**चंदौसी, अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज-5 .0 के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। थाना क्षेत्र में चौपाल आयोजित कर पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और समस्याओं के समाधान की जानकारी दी। एंटी रोमियो टीम ने बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिला सुरक्षा से संबंधित योजनाओं और हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1076, 102, 108 व 1930 के बारे में बताया। साथ ही मोबाइल के पैनिक बटन और इमरजेंसी कॉल की जानकारी देकर पंपलेट वितरित किए गए।

### टीम लीडर की मौत मामले में सात दिन बाद तीन पर रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार :** ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी में टीम लीडर 30 वर्षीय मोनू ठाकुर की मौत के मामले में सात दिन बाद तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। गुलडेहरा रोड, चंदौसी निवासी मोनू ठाकुर के भाई सोनू सिंह की तहरीर पर चंदौसी कोतवाली पुलिस ने सत्येंद्र पुत्र राम सिंह निवासी अमियापुर पचाक, देशराज पुत्र नेमचंद्र निवासी गुमथल थाना बनियाठेर और कौशल निवासी बिलारी, जनपद मुरादाबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर अनुज तोमर ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, इसलिए विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

### दो ट्रांसफॉर्मरों से तेल और कॉइल चोरी बिजली आपूर्ति ठप

**बबराला, अमृत विचार :** सोमवार रात थाना गुन्नौर क्षेत्र में पाताली शिव मंदिर के पास 250 केवीए ट्रांसफॉर्मर से चोरों ने तेल और कॉइल निकाल ली। बुधवार रात कस्बा बबराला में लाइन पार लगे 250 केवीए ट्रांसफॉर्मर से भी चोरों ने कॉइल और तेल निकाल लिया। इससे दोनों क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। विद्युत उपकेंद्र गुन्नौर पर अवर अभियंता सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने थाना बबराला में तहरीर दी। अधिकारियों के अनुसार ट्रांसफॉर्मर से कॉइल और तेल चोरी होने से लाखों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। वैकल्पिक व्यवस्था कर शीघ्र आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# आईपीएस अनुकृति शर्मा को दी विदाई



अनुकृति शर्मा को स्मृति चिन्ह देते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई व अन्य अधिकारी।

**संभल, अमृत विचार:** फर्जी बीमा गैंग पर कार्रवाई कर 100 करोड़ से अधिक के घोटाले का खुलासा करने की उपलब्धि के साथ आईपीएस अनुकृति शर्मा गुरुवार को नई तैनाती पर रवाना हो गईं। उन्हें गौतमबुद्ध नगर में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है।

एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ अन्य पुलिस अफसरों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दीं। अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में फर्जी बीमा घोटाले का पर्दाफाश कर 75 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह मरणासन्न अथवा मृत व्यक्तियों के नाम से फर्जी पॉलिसियां कराता था। शुरुआती किस्त स्वयं जमा कर बाद में मृतक के परिजनों के नाम से फर्जी खाते खुलवाकर पूरी बीमित राशि हड़प ली जाती थी। गिरोह ने अन्य घोटाले भी किए।

## श्री कल्कि धाम में स्थापना दिवस का भव्य आयोजन, देशभर से संत-महात्मा और श्रद्धालु शामिल

# कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जगद्गुरु घोषित

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** ऐंचोड़ा कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में देशभर से संत-महात्मा और हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान संतों के प्रस्ताव पर अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने आचार्य प्रमोद कृष्णम को जगद्गुरु घोषित किया।

स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रातः 10 बजे श्री कल्कि यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ आयोजित हुआ, जिसमें श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पूर्णाहुति दी। आचार्य अखिलेश वशिष्ठ यज्ञ ब्रह्मा रहे। विख्यात गायक प्रेम प्रकाश दूबे ने सुंदरकांड का पाठ किया। इसके बाद कवयित्री अनामिका अंबर ने "राम भक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर" शीर्षक कविता सुनाई। दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह का विधिवत शुभारंभ हुआ। दीप प्रज्वलन में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी, आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद सहित विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने श्री कल्कि धाम निर्माण की संपूर्ण यात्रा का वर्णन किया। इसी दौरान स्वामी बालकानंद ने प्रस्ताव रखा कि आचार्य प्रमोद कृष्णम को जगद्गुरु घोषित किया जाए।



कल्कि धाम में आचार्य प्रमोद कृष्णम पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करते साधु संत।

प्रस्ताव को अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद संत समाज ने चादर ओढ़ाकर आचार्य प्रमोद कृष्णम को जगद्गुरु के रूप में अभिषिक्त किया और पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया। जगद्गुरु घोषित होने के पश्चात आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कार्यक्रम में सभी संतों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा

- गायक प्रेम प्रकाश दूबे ने सुंदरकांड, कवयित्री अनामिका अंबर ने कविता सुनाई

कि श्री कल्कि धाम को मिला यह समर्थन सनातन समाज की एकजुटता का प्रतीक है।

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि वह यहां श्री कल्कि भगवान के भक्त के रूप में आए हैं। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने संतों और अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और भाजपा के पदाधिकारियों सहित गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और उड़ीसा समेत विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 'यादव जी की लव स्टोरी' बर्दाश्त नहीं

## गुन्नौर से बहजोई तक प्रदर्शन, पूर्व भाजपा विधायक अजीत यादव के नेतृत्व में सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** 'यादव-जी की लव स्टोरी' फिल्म को लेकर निर्माता सहित चार पर एफआईआर दर्ज हो जाने के बाद भी विरोध-प्रदर्शन थम नहीं रहा है। गुरुवार को बबराला क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक अजीत कुमार राजू यादव के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने जुलूस निकालकर बहजोई स्थित जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर फिल्म पर प्रतिबंध की मांग की। प्रदर्शन में यादव समाज के साथ अन्य समाजों के लोग भी शामिल रहे।

गुरुवार सुबह 10 बजे यादव समाज के तमाम लोगों के साथ भाजपा कार्यकर्ता बबराला में पूर्व विधायक अजीत यादव के आवास पर इकट्ठा हुए। यहां से सभी वाहनों में सवार होकर कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। नारे लिखी तख्तियां लहराकर विवादित फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर बैन की मांग उठाई गई। अजीत यादव राजू ने कहा कि फिल्म में पात्रों का चित्रण आपत्तिजनक तरीके से किया गया है, जिससे यादव समाज और हिंदू समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर नीतू रानी को सौंपते हुए मांग की कि इस प्रकार की फिल्म को रिलीज न होने दिया जाए। कहा कि इस मामले में एक मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है और जल्द ही एक और मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। देशभर में ऐसे कंटेंट का विरोध करने का आह्वान किया गया।

नगर पालिका परिषद बहजोई के चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने आरोप लगाया कि टूलकिट और राजनीतिक साजिश के तहत विभिन्न हिंदू जातियों की बेटियों का गलत चित्रण किया जा रहा है, जिससे समाज में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि सेंसर बोर्ड से मांग की गई है कि हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले ऐसे फिल्मांकन पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले को उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया। पुलिस बल भी एहतियातन तैनात रहा।




बहजोई में फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन कर मार्च निकालते लोग। • अमृत विचार



डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देते पूर्व विधायक अजीत यादव व अन्य। • अमृत विचार

### गुन्नौर में भाजपा और सपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**बबराला, अमृत विचार :** रिलीज से पहले ही विवादों में घिरी फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा। गुन्नौर क्षेत्र में भाजपा और सपा कार्यकर्ताओं ने फिल्म को यादव समाज की छवि के खिलाफ बताते हुए प्रतिबंध लगाने की मांग की है। थाना धनारी में फिल्म निर्माता आदि के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। गुरुवार को गुन्नौर के ब्लॉक प्रमुख आशीष कुमार उर्फ हनी यादव के नेतृत्व में यादव समाज के दर्जनों लोग तहसील परिसर पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान यादव जी की लव स्टोरी नहीं चलेगी और यादव एकता जिंदाबाद जैसे नारों से तहसील परिसर गूंज उठा। हनी यादव ने आरोप लगाया कि फिल्म में यादव समाज की छवि को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिससे सामाजिक सद्भाव प्रभावित हो सकता है। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम अवधेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर फिल्म पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। हनी यादव ने चेतावनी दी कि यदि फिल्म को रिलीज किया गया तो यादव समाज व्यापक स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। एसडीएम ने ज्ञापन को उच्चाधिकारियों तक भेजने का आश्वासन दिया है।



फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर बैन की मांग करते लोग।

# लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में हुए लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन किया। नई तहसील परिसर पहुंचकर नारेबाजी करते सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया।

कांग्रेस कार्यकर्ता गुरुवार को तहसील कार्यालय पर पहुंचे और धरने पर बैठ गये। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि 17 फरवरी को विधानसभा घेराव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया, जो निंदनीय है। प्रदेश सरकार पुलिस बल के सहारे विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन

- पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग, आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस का कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है। पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी और 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेगी। कांग्रेस नेताओं ने लाठीचार्ज में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा व शहर अध्यक्ष शिवकिशोर गौतम सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



महात्मा गांधी का चित्र लेकर धरना देते कांग्रेस कार्यकर्ता। • अमृत विचार

# घूसखोर राजस्व निरीक्षक पकड़े जाने से खुली विभाग की पोल

संजीव वार्ष्णेय, बबराला

**अमृत विचार:** एंटी करप्शन टीम द्वारा गुन्नौर तहसील के राजस्व निरीक्षक और बिचौलिए की घूस लेते गिरफ्तारी से साफ हो गया है कि भ्रष्टाचार की जड़ें गहरे तक हैं।

नक्शा दुरुस्ती के लिए कानूनगो तस्लीम अहमद के दफ्तर के चक्कर लगाते थक चुके किसान बलवीर ने अंततः कानूनगो के करीबी मुंशी महेंद्र से बात की तो मामला 14 हजार में तय हो गया। इसके बाद बलवीर ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से शिकायत कर दी। एंटी करप्शन टीम ने कानूनगो तस्लीम अहमद और मुंशी को 14 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया को भी गुन्नौर तहसील के राजस्व कर्मियों की शिकायतें

- बुधवार को जनसुनवाई में डीएम ने दिए थे राजस्व कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश

मिल रही थीं। बुधवार को ही डीएम ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर राजस्व कर्मियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश एसडीएम को दिए थे। डीएम ने कई गांवों में चौपाल लगाकर अंश निर्धारण, विरासत, फार्मर रजिस्ट्री और भूमि विवादों से जुड़े मामलों को राजस्व न्यायालयों में वाद के रूप में शत-प्रतिशत दर्ज कराने के निर्देश दिए। कई लेखपाल हल्का क्षेत्र में निवास नहीं कर रहे हैं और सक्षम अधिकारी की बिना अनुमति क्षेत्र से बाहर रहकर कार्य करते हैं। नियमानुसार लेखपाल का हल्का क्षेत्र में निवास अनिवार्य है, ताकि ग्रामीणों को समयबद्ध सेवाएं मिल सकें।

# अमेरिका से ट्रेड डील किसान विरोधी

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** बदायूं से सपा सांसद आदित्य यादव ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील को किसान विरोधी करार दिया। यूजीसी से जुड़े मुद्दों और माघ मेले में वटुकों की चोटी खींचने का उल्लेख करते हुए भाजपा को सनातन विरोधी बताया। फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर प्रतिबंध के लिए हर संभव प्रयास का वादा किया।

गुरुवार को गुन्नौर के गांव ईसमपुर डांडा में पूर्व दर्जा मंत्री प्रदीप यादव उर्फ गुड्डू यादव के आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद ने गुटबंदी को पार्टी के लिए घातक बताया। संकेतों में 2019 के चुनाव में धर्मेंद्र यादव की पराजय का जिक्र करते हुए कहा कि गांवों में गुटबाजी से पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा। इसीलिए रणनीति के तहत सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2024 में उनके पिता शिवपाल यादव को बदायूं की कमान सौंपी।



गुन्नौर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सपा सांसद आदित्य यादव।

- बदायूं सांसद आदित्य यादव ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा

उन्होंने कहा कि देश किसान प्रधान है, फिर भी अनाज खरीदना पड़ रहा है। कहा कि सरकार अपनी गलतियां छिपाने के लिए विदेशी डील कर रही है और मतदाता सूची में गड़बड़ी कर वोट काटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि बबराला रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर का मुद्दा रेल मंत्री के सामने उठाएंगे। इससे पहले सांसद ने यारा फर्टिलाइजर में कार्यकर्ताओं से संवाद कर समस्याएं सुनीं। इसके बाद सप्तऋषि साधू मढ़ी आश्रम पर संतों से आशीर्वाद लिया। जिलाध्यक्ष असगर अली, पूर्व विधायक राजेश यादव, कृष्ण मुरारी शंखधार, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव, पीयूष रंजन, लड्डुन कादरी, विमलेश कुमारी, अशोक यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बोले संत | सनातन समाज को बांटना हित में नहीं, विवादों को लंबा खींचना उचित नहीं : महंत रविंद्र पुरी

# संतों व बटुकों से अभद्रता महापाप, हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि योगी जी का स्थान अलग है और शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का स्थान अलग है। सनातन परंपरा से जुड़े ब्राह्मण बालकों के साथ दुर्व्यवहार किसी भी रूप में उचित नहीं कहा जा सकता।

गुरुवार को ऐंचोड़ा कंबोह स्थित कल्कि धाम स्थापना दिवस कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रयागराज की घटना को लेकर महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि गुरुकुल में पढ़ने वाले बच्चों की शिखा खींची गई, उन्हें पीटा गया और 84 वर्षीय संत के साथ मारपीट की गई। ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई होना आवश्यक है। सनातन परंपरा के यह बालक भविष्य के संत और आचार्य हैं, उनके साथ किया गया दुर्व्यवहार आहत करता है। महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि सनातन समाज को बांटना किसी के हित में नहीं है। विवादों को अनावश्यक रूप से लंबा खींचना भी उचित नहीं है।



कल्कि धाम में महंत रविंद्र पुरी महाराज का स्वागत करते लोग। • अमृत विचार

उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में व्यापक परिवर्तन हुआ है और 'उत्तम प्रदेश' की दिशा में कार्य हुआ है। संत समाज योगी जी के साथ खड़ा है। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री के एकजुटता के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि "हम सब एक हैं तो सुरक्षित हैं"

- शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती व योगी आदित्यनाथ के बीच विवाद पर अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने दी सधी प्रतिक्रिया

का भाव ही समाज को आगे बढ़ाता है। प्रयागराज महाकुंभ से जुड़े विवाद पर शिवपाल सिंह यादव के बयान के संबंध में उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल में राजनीतिक बयानबाजी हो जाती है। इसे अधिक तूल नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने संभल स्थित कल्कि धाम के निर्माण कार्य की सराहना की। कहा कि यहां प्रस्तावित मंदिर की शिखा 171 फुट ऊंची होगी और लगभग 800 करोड़ रुपये की लागत से भव्य पीठ का निर्माण किया जा रहा है। यह केवल एक पीठ नहीं, बल्कि समस्त सनातन समाज का केंद्र होगा, जिसकी पहचान देश ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर बनेगी।

### चंदौसी में 110 किलो रंगीन कचरी जब्त

**संभल, अमृत विचार:** होली को देखते हुए प्रवर्तन दल द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है।

चंदौसी के गोपाल मोहल्ला स्थित दीपक कचरी स्टोर पर छापेमारी कर रंगीन कचरी का नमूना संग्रहित किया गया। प्रथम दृष्टया कचरी में अत्यधिक कृत्रिम रंग का प्रयोग पाया गया, जिस पर लगभग 110 किलोग्राम रंगीन कचरी जब्त कर ली। इसके अलावा फड़ियाई बाजार स्थित गणेश स्टोर से सरसों के तेल का नमूना लिया गया। वहीं गौशाला रोड स्थित जीआर फैमिली मार्केट से बेसन और मैदा के नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने व्यापारियों को मिलावट से दूर रहने और मानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री बेचने की हिदायत दी ।

## न्यूज डायरी

### भाकियू संघर्ष में रजत यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**चंदौसी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से चन्दौसी निवासी रजत यादव को उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह मनोनयन एक वर्ष की अवधि के लिए किया गया है। संगठन ने उनसे किसानों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय व ईमानदारी से कार्य करने की अपेक्षा जताई है। नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में खुशी है।





### बरात से लापता बच्चा पुलिस ने खोज कर परिजनों को सौंपा

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** ऐंचोड़ा कंबोह के गांव शिवपुरी निवासी गजराज की बेटी के शादी में शामिल होने मेरठ निवासी आकाश पत्नी आरती और बेटे प्रशांत के साथ आया। देर रात तीन साल का प्रशांत शिवपुरी से सतूपुरा गांव पहुंच गया। उसके रोने की आवाज सुनकर बांके नामक ग्रामीण बच्चे को अपने घर ले आया। उधर, परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कहीं पता न चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हुई और संभावित स्थानों पर तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस सतूपुरा पहुंची, जहां ग्रामीणों से पूछताछ में जानकारी मिली कि एक बच्चा रोते हुए मिला था, जिसे बांके अपने घर ले गए हैं। पुलिस ने बच्चे को बरामद कर उसे उसके माता-पिता को सौंप दिया।



### बच्चों को लगाया गया खसरा से बचाव का टीका

**चंदौसी, अमृत विचार :** ग्राम पथरा के डॉ. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा खसरा रोकथाम अभियान के तहत कक्षा एक से पांच तक के बच्चों का टीकाकरण किया गया। एएनएम पुष्पा देवी ने बच्चों को टीका लगाकर आवश्यक दवाएं भी वितरित कीं। इस दौरान आशा कार्यकत्री रेखा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्पा ने सहयोग किया। प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने बच्चों का विवरण दर्ज कर प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रखा। विद्यालय संचालक महानंदन गौतम एवं स्टाफ की मौजूदगी में अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य बच्चों को खसरा जैसी संक्रामक बीमारी से सुरक्षित रखना है।

### बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**बबराला, अमृत विचार :** तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव दादपुर निवासी 28 वर्षीय प्रेमपाल पुत्र गंगा सहाय नोएडा में मजदूरी करता था और इन दिनों अपने गांव आया था। गुरुवार को स्कूटी से बबराला आ रहा था। दोपहर करीब ढाई बजे हाईवे पर भारत पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। प्रेमपाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। पुलिस ने घायल को सीएचसी गुन्नौर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार प्रेमपाल चार भाइयों में सबसे छोटा था। दूसरे नंबर का भाई किशन करीब 15 वर्ष पहले रोजी-रोटी की तलाश में घर से बाहर गया था और तब से उसकी कोई खबर नहीं मिली। तीसरे नंबर के भाई रूपधारी की भी चार वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। अब प्रेमपाल की असमय मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्रेमपाल की शादी पांच वर्ष पूर्व ओमवती के साथ हुई थी। उसका एक चार वर्षीय बेटा है। थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टक्कर मारने वाली बोलोरो गाड़ी को सीसीटीवी कैमरा के आधार पर तलाश किया जा रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।



मृतक प्रेमपाल।

